● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 98, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 15 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

नक्सलियों को चुकानी होगी मौत की कीमत : विष्णुदेव 5

राहुल द्रविड़ की हो सकती है भारतीय टीम से छुट्टी 6

वाराणसी से पीएम ने तीसरी बार किया नामांकन दाखिल

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। पुष्य नक्षत्र में उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिल किया। इससे पहले गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन कर पीएम मोदी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रधानमंत्री काशी कोतवाल काल भैरव के दरबार पहुंचे, वहां बाबा से अनुमति व आशीर्वाद लेकर नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकम के दौरान कई राज्यों के मुख्यमंत्री समेत कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं।

पीएम ने सोमवार को काशी विश्वनाथ तो मंगलवार को काल भैरव बाबा से भाजपा की प्रचंड जीत का आशीर्वाद लिया। काल भैरव मंदिर में पूजन व कलेक्ट्रेट में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी साथ रहे।

गंगा सप्तमी के अवसर पर पीएम मोदी ने मंगलवार सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा का पूजन- अर्चन किया। इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र के रहे। इस दौरान पीएम मोदी स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे।

नमो घाट से पीएम मोदी सीधे काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार में पहुंचे। यहां पीएम ने बाबा का दर्शन-पूजन व आरती की। वे बाबा से अनुमति व आशीर्वाद लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां तीसरी बार

काशी से नामांकन दाखिल किया। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा। काल भैरव मंदिर में पूजन के दौरान पीएम के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व दलित समाज के संजय सोनकर रहे। पीएम के नामांकन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे आदि शामिल रहे।

पीएम मोदी तीन करोड़ की संपत्ति के मालिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन करोड़ दो लाख छह हजार 889 रुपये की चल संपत्ति के मालिक हैं। उनके हाथ में 52,920 रुपये हैं। बीते पांच साल में प्रधानमंत्री ने 84,40,870 रुपये का इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया है। प्रधानमंत्री ने न कोई लोन ले रखा है और न उन पर किसी का बकाया है। उनके खिलाफ एक भी आपराधिक मुकदमा नहीं है। अहमदाबाद के सोमेश्वर टेनमेंट्स, रानीप के मूल निवासी 73 वर्षीय प्रधानमंत्री मोदी ने 1983 में गुजरात यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ आर्ट्स की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। प्रधानमंत्री की आय का जरिया पीएमओ से मिलने वाला वेतन और बैंक से मिलने वाला ब्याज है। एसबीआई के गांधीनगर स्थित शाखा में उनके खाते में 73,304 रुपये और वाराणसी स्थित खाते में 7000 रुपये हैं।

जन्म और मृत्यु की यात्रा के बीच सदकर्म सबसे महत्वपूर्ण : डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को लालघाटी स्थित चित्रगुप्त धाम श्री मनकामनेश्वर महादेव नेवरी मंदिर के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पर मुख्यमंत्री ने भगवान मनकामनेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मनुष्य का जन्म होता है तो मृत्यु भी अटल है। व्यक्ति के संसार में आने और जाने के बीच सबसे महत्वपूर्ण है सदमार्ग की ओर जाना। यह हिंदू समाज का गौरवशाली पक्ष है। जन्म और मृत्यु के बीच की जो यात्रा है उसमें पुण्य कर्मों के साथ ही अन्य कर्मों और जाने, अनजाने में हुई त्रुटियों के साक्षी भगवान चित्रगुप्त जी होते हैं। वे मृत्यु लोक में व्यक्ति के कर्मों का हिसाब किताब रखते हैं। आज नास्तिक लोगों के पास भी इस बात का कोई उत्तर नहीं है। जन्म के बाद मृत्यु अवश्यंभावी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज गोपाष्टमी है और भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव है। कृष्ण जन्माष्टमी और गोपाष्टमी ही सबसे महत्वपूर्ण अष्टमी होती है। आज भगवान चित्रगुप्त की अनुकंपा इस कार्यक्रम में आकर मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के इस कार्यक्रम में उपस्थित बंधुओं को प्रणाम करते हुए यह आशा व्यक्त करता हूं कि जिस तरह अयोध्या में भगवान राम मुस्कुरा रहे हैं, शीघ्र ही भगवान कृष्ण की जन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा का अवसर भी आएगा।

वहीं, उन्होंने कहा कि जीवन का लेखा जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त के बिना मानव का उद्धार संभव नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में हम इस तीर्थ को और विकसित करेंगे। सभी को भगवान चित्रगुप्त जयंती की बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरे देश में धार्मिक जगह को बढ़ावा दे रहे हैं। आने वाले समय में नेवरी का मंदिर भोपाल की पहचान बनेगा।

ईडी शराब नीति केस में आप को आरोपी बनाएगी

हाईकोर्ट में सिसोदिया की जमानत के विरोध में कहा- अगली चार्जशीट पेश करेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में अब आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जाएगा। ईडी के वकील ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि मामले की अगली चार्जशीट में हम ये करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार 14 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बात कही। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया की जमानत का विरोध किया। सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडीऔर सीबीआई सिर्फ लोगों को गिरफ्तार कर रही है। ट्रायल के दौरान उनसे कोई सवाल नहीं होते। सिसोदिया की 8 मई को हुई पिछली सुनवाई में ईडी और सीबीआई के वकीलों ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा था कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय चाहिए। 3 मई की सुनवाई में कोर्ट ने ईडी-सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। साथ ही सिसोदिया को बीमार पत्नी सीमा से हफ्ते में एक बार मिलने की परमिशन भी दी थी। मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को सीबीआई ने करीब 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

दिल्ली के 7 अस्पतालों और तिहाड़ को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिन अस्पतालों को धमकी मिली, उनमें दीपचंद बंधु, दादा देव, हेडगेवार, जीटीबी, अत्तार सैन जैन, चाचा नेहरू और डीडीयू अस्पताल शामिल हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी ने शुरू में 4 अस्पतालों को धमकी मिलने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें अशोक विहार स्थित दीप चंद बंधु अस्पताल से सुबह 9.45 बजे,डाबरी स्थित दादा देव अस्पताल से 10.55 में, फर्श बाजार स्थित हेडगेवार अस्पताल से 11.01 बजे और शाहदरा स्थित जीटीबी अस्पताल से 11.12 बजे सूचना मिली थी।

इंदौर में पुरूषों की अपेक्षा मतदान में पीछे रही महिला

इंदौर। इंदौर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन वापस लेने के बाद से ही मतदान को लेकर लोगों में उत्साह नहीं था, इसके बावजूद 61.75 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान का प्रतिशत लोकसभा चुनाव 2019 की अपेक्षा सात प्रतिशत कम रहा। महिला और पुरूष दोनों ही मतदाताओं के मतदान प्रतिशत में गिरावट भी देखी गई। इसबार चुनाव में पुरूषों की अपेक्षा महिला मतदाता मतदान करने में पीछे रही। इंदौर जिले में 65.46 प्रतिशत पुरूषों ने मतदान किया, जबकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत 57.97 रहा। दोनों के मतदान प्रतिशत में 7.49 का अंतर रहा। लोकसभा चुनाव में चौथे चरण में इंदौर संसदीय क्षेत्र में मतदान हुआ। इसबार चुनाव प्रचार का अधिक हल्ला नहीं होने से मतदान गिरने का अनुमान लगाया जा रहा था।

इसके बावजूद लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। हालांकि लोकसभा चुनाव 2019 की अपेक्षा इंदौर में 7.55 प्रतिशत कम मतदान हुआ। 2019 में 69.30 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में 61.75 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टियों की मौजूदगी भी नहीं दिखी। कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी भी नहीं था। इसके बावजूद मतदाताओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाई।

वकालत का पेशा कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे से बाहर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वकालत का पेशा कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 1986 के दायरे में नहीं आता है। उनके काम की सफलता कई फैक्टर्स पर निर्भर करती है, जिन पर उनका कंट्रोल नहीं होता। इसलिए, उनकी सेवाओं या पैरवी में कमी का दावा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि वकीलों का काम दूसरे प्रोफेशन से अलग होता है। उन्हें हाई लेवल एजुकेशन, स्किल और मेंटल लेबर की जरूरत होती है। इसलिए, उनके साथ व्यवसायियों की तरह व्यवहार नहीं किया जा सकता है।

रामदेव-बालकृष्ण अवमानना केस पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भेजे अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही दोनों को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद को एफिडेविट फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफिडेविट में यह बताएं कि जिन प्रोडक्ट्स का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है, उनका विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बेंच ने कहा- बाबा रामदेव का बहुत प्रभाव है, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करें। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- रामदेव ने योग के लिए बहुत कुछ किया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली बोलीं- उन्होंने योग के लिए जो किया है वह अच्छा है, लेकिन पतंजलि प्रोडक्ट्स एक अलग मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. आरवी अशोकन से कहा- अभिव्यक्ति की आजादी ठीक है, लेकिन कभी-कभी इंसान को संयमित भी होना पड़ता है।

बड़े-बड़े वादे करना, लेकिन काम कुछ नहीं करना बीजेपी का इतिहास : प्रियंका

नई दिल्ली। अमेठी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कहा कि बड़े-बड़े वादे करना, लेकिन काम कुछ नहीं करना बीजेपी का इतिहास रहा है। पीएम मोदी ने रोजगार देने, किसानों की मजदूरी बढ़ाने और काला धन वापस लाने के बड़े-बड़े वादे किए हैं। लेकिन मोदी सरकार के 10 साल के बाद बेरोजगारी बढ़ रही है, इस देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं।

राहुल गांधी ने मंगलवार को ङ्ग पर वीडियो शेयर किया। इसमें वे मां सोनिया के साथ पुरानी तस्वीरें देखते हुए दिख रहे हैं। राहुल ने कहा रायबरेली और अमेठी हमारे लिए

सिर्फ चुनाव क्षेत्र नहीं, हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गई, जिनकी शुरू की गई सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई। प्रेम और विश्वास की बुनियाद पर खड़े 100 वर्षों से भी पुराने इस रिश्ते ने हमें सब कुछ दिया है। अमेठी और रायबरेली जब भी हमें पुकारेंगे, हम वहां मिलेंगे। हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और एक्टर कंगना रनोट ने मंगलवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। इससे पहले उन्होंने मंडी में रोड शो भी किया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी मौजूद थे।

नामांकन के बाद कंगना ने कहा- मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मंडी की एक बेटी को भाजपा से नामांकन भरने का मौका मिला। यहां त्योहार की तरह माहौल बन गया है। मेरी ऐतिहासिक जीत होगी। कंगना के खिलाफ कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे और राज्य के मंत्री विक्रमादित्य सिंह उम्मीदवार हैं। पश्चिम बंगाल के बनगांव में मंगलवार को एक चुनावी सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, देश में 380 सीटों पर चुनाव पूरा हो चुका है। 380 सीटों में से पीएम मोदी ने 270 सीटें जीत ली हैं और बहुमत हासिल कर लिया है। अगली लड़ाई 400 सीटें पार करने की है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को हरियाणा के कुरूक्षेत्र में रोड शो किया। उन्होंने कहा, 4 जून को मोदी सरकार नहीं बनेगी। देश से तानाशाही हटाने का आंदोलन हरियाणा से शुरू होगा। इंडी गठबंधन को हरियाणा में सभी 10 सीटें चाहिए।

संदेशखाली वायरल वीडियो केस सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

याचिकाकर्ता ने एसआईटी जांच की मांग की, कहा- वीडियो की सच्चाई का पता लगाया जाए

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) केस में वायरल वीडियो का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एक महिला ने याचिका लगाकर मौजूदा हालात को लेकर एसआईटी जांच की मांग की है। एक महिला के वकील उदयादित्य बनर्जी ने कोर्ट से कहा कि संदेशखाली मामले में कई वीडियो वायरल हैं। इसमें एक व्यक्ति खुलासा कर रहा है कि ञ्जस्ष्ट नेता शाहजहां शेख के खिलाफ रेप के आरोप झूठे थे। उनके खिलाफ झूठे आरोप भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के निर्देश पर लगाए गए। वहीं, संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए गए। इसके बाद शाहजहां शेख के खिलाफ रेप की झूठी शिकायतें हुईं। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग करते हुए कहा कि वायरल वीडियो की सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच होनी चाहिए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्ढ्ढञ्ज गठित की जाए। कोरे कागज में साइन करवाने वाली महिला को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा।

झरोखा

मोदी-योगी से नहीं, हमारी लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच : खरगे

महराजगंज। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। वे जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज खेल मैदान में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई मोदी योगी से नहीं है, यह लड़ाई दो विचार धाराओं के बीच की है। एक विचारधारा देश को कुछ उद्योगपतियों के हाथ गिरवी रखकर गरीब और मध्यम वर्ग को गुलाम बनाना चाहती है जबकि हम देश और देशवासियों को बचाना चाहते हैं। हमारी विचारधारा नेहरू, गांधी, पटेल के बनाए देश को बचाने की है। उनकी उसे खत्म करने की है। वे अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ देते हैं। हम गरीबों, किसानों की मदद करते हैं, उनका कर्ज माफ करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पांच गारंटी है जो युवाओं को नौकरी, महिलाओं के खाते में साल में एक लाख, कर्ज माफी और बेरोजगार युवकों के अप्रेंटिस सुनिश्चित करती है। इसके इतर भाजपा की गारंटी नफरत और भाईचारे को खत्म करने की है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने काम पर नहीं राम, मुसलमान, पाकिस्तान और हिंदू को खतरे में कहकर वोट मांगती है। खरगे ने कहा कि भाजपा 400 सीट इसलिए चाह रही है कि ताकि वह संविधान बदल कर लोकतंत्र को खत्म कर दे।

इंडी के नेताओं को मुद्दों की समझ नहीं : शिवराज

नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र देशभर में घूमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मंगलवार को पूर्व सीएम ने दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार किया। शिवराज सिंह चौहान ने उत्तर-पूर्व दिल्ली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित किया। वहीं पूर्वी दिल्ली लोकसभा से प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा और नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज के समर्थन में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि, भारत की सनातन संस्कृति में हर स्त्री देवी की मूर्तियां है और बेटियां साक्षात देवियां है। मध्यप्रदेश की धरती पर जितने भी कार्यक्रम होते हैं, पहले मैं बेटियों की पूजा करता हूं, उनके चरण धोता हूं और जब

पानी को माथे से लगाता हूं तो मेरे काम करने की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। जहां माँ-बहन और बेटियों का सम्मान होता हैं भगवान भी वहीं वास करते हैं। मैं दोनों हाथ जोड़कर शीश झुकाकर बहनों को प्रणाम करता हूं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि, इंडी के नेताओं को मुद्दों की समझ नहीं है।, इनका जनता से सरोकार नहीं है । पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ जहां एनडीए से हमारे प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी हैं। वहीं इंडी गठबंधन वाले आपस में लड़ रहे हैं

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आप पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि, ये केजरीवाल नहीं करप्शनवाल बन गए हैं। इन्होंने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। ईमानदारी की सौगंध खाने वाला सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी निकला। स्वाति मालीवाल के साथ क्या किया उन्होंने... मुख्यमंत्री निवास में एक बहन का अपमान किया गया। मैंने पश्चिम बंगाल में ममता दीदी से भी कहा कि, इस धरती पर एक द्रौपदी का अपमान हुआ था तो महाभारत हो गई थी और कौरवों का वंश सहित विनाश कर दिया गया था। इसलिए ममता दीदी के यहाँ भी संदेशखाली जैसी घटनाएं हो रही हैं बहनों के साथ गलत हरकतें होती हैं और अपराधियों को बचाने का पाप इंडी गठबंधन के लोग करते हैं, और यहाँ खुद केजरीवाल करते हैं। ये इंडी गठबंधन कभी भी देश और जनता का भला नहीं कर सकता है। पूर्व सीएम ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार का नाम लिए बिना कहा कि, भारत के टुकड़े-टुकड़े होंगे के नारे लगाने वाले और आतंकवादियों का महिमामंडन करने वालों को जनता कभी भी स्वीकार नहीं करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी का तो तय है कि, जीतने के बाद श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले बताएं कि, आखिर उनका प्रधानमंत्री कौन है। कभी कहते हैं कि, बाद में तय करेंगे, कभी कहते हैं कि, बारी-बारी से बन जाएंगे। कोई नाम तो बताओ कि, धन्नू होगा, कल्लू होगा, पन्ना होगा या जुम्मन होगा। अब गर्मियों में हम मटका खरीदने बाजार जाते हैं तो देखकर लेते हैं कि, कहीं से फूटा तो नहीं है, सब्जियों को भी देखकर लेते हैं कि, कहीं खराब तो नहीं है। तो जब हम प्रधानमंत्री का चुनेंगे तो देखभाल ही चुनेंगे।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समीक्षा

प्राथमिकता के साथ समयावधि में लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई टीएल बैठक में अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ टीएल एवं जनसुनवाई सहित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का प्रति सप्ताह निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत नियमित रूप से एल-1 स्तर पर लंबित शिकायतें अटेंड कर गुणवत्ता एवं संतुष्टिपूर्ण तरीके से बंद कराने के निर्देश भी दिए। अधिक संख्या में लंबित शिकायतों वाले विभागीय अधिकारियों को अभियान चलाकर 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों सहित समस्त लंबित प्रकरणों को इस सप्ताह प्रभावी रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

कलेक्टर श्री कुमार ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मानदेय वितरण व अन्य व्यय संबंधी भुगतान की जानकारी भी ली। निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों के लॉगबुक के आधार पर पीओएल के भुगतान के निर्देश दिए। इस संबंध में सभी एसडीएम को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अनुविभाग एवं तहसीलदार स्तर पर वाहनों के डीजल भुगतान संबंधी कोई पेंडेंसी न रहे। इसके अलावा गत विधानसभा निर्वाचन के विभिन्न लंबित भुगतान भी अविलंब कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण कर आमजन से संपर्क करें और समय पर शिकायतों व समस्याओं का निराकरण कराएं। प्रत्येक माह की 05 तारीख तक भ्रमण गतिविधि की जानकारी भी प्रस्तुत करें। अधिकारियों को विभागीय सस्थाओं के आकस्मिक निरीक्षण के लिए भी ताकीद किया। सभी लोक सेवा केन्द्रों पर गरीब, अशिक्षित, दिव्यांग व बुजुर्ग एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर सक्रिय करने के लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों की अनिवार्य रूप से मुख्यालय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा ग्राम पंचायत मुख्यालय स्तर पर आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए कहा। उन्होंने इस वर्ष जनवरी माह

से अब तक पूर्ण निर्माण कार्यों तथा आगामी जून माह तक पूर्ण होने वाले कार्यों की सूची तैयार कर अवगत कराने की बात कही। उन्होंने बुन्देलखंड विशेष पैकेज अंतर्गत निर्मित तालाबों और अन्य संरचनाओं की उपयोगिता सुनिश्चित करने तथा आम जनता से विनम्रतापूर्वक व्यवहार कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिले की समग्र विकास योजना तैयार करने के संबंध में तथा विभाग स्तर पर भविष्य में निर्धारित कार्ययोजना अनुसार जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा। अवमानना याचिकाओं की समीक्षा के दौरान निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से वांछित जवाबदावा प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में गेहूं एवं सरसों व मसूर के समर्थन मूल्य पर उपार्जन संबंधी जानकारी लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सिमरिया एवं ककरहटी उपार्जन केन्द्रों पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में निरंतर मॉनीटरिंग कर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने व लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा। उपार्जित स्कंध के तत्काल परिवहन व भण्डारण के निर्देश दिए। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिदिन रूट चार्ट अनुसार परिवहन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिला कलेक्टर द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की समीक्षा भी की गई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर परिवहन के संबंध में आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के अवरूद्ध कार्यों की जानकारी लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जिले से संबंधित शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। बताया गया कि गत दिवस अजयगढ़ में दो दिवसीय आधार शिविर आयोजित कर नवीन आधार बनाने एवं अपडेशन की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत जिले के 8 ग्रामों में कुछ हितग्राहियों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही पूर्ण न होने के संबंध में जानकारी लेकर एसडीएम एवं राजस्व अमले को समस्या का निराकरण कराने तथा जमीन एवं नामांतरण विवाद व बैंक खाता अपडेशन की कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी तरह रेल परियोजना अंतर्गत पन्ना-सतना रेलखण्ड के भू-अर्जन प्रकरण व राशि अवार्ड एवं अन्य विवरण की जानकारी लेकर रेलवे स्टेशन भवन निर्माण में किसी भी समस्या पर तत्काल अवगत कराने के लिए कहा। जिला शिक्षा अधिकारी को शिविर के जरिए छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी पात्र विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान करने के लिए भी कहा। साथ ही द्वितीय चरण में स्वीकृत चार सीएम राइज स्कूल के जमीन आवंटन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह कृषि महाविद्यालय के अस्थाई छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक संसाधनों की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पर्यटन निगम को पुराना कलेक्ट्रेट महेन्द्र भवन परिसर पूर्णरूपेण रिक्त कर सौंपा जाना है। इसके लिए पूर्व में संचालित शासकीय कार्यालयों के अधिकारी तत्काल पुराना दफ्तर रिक्त कराने की कार्यवाही कर अवगत कराएं। उन्होंने सांसद एवं विधायक निधि से महेन्द्र भवन परिसर में वकीलों की बैठक व्यवस्था के संबंध में पूर्व में की गई आवश्यक कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा।

आजादी के सत्तर साल बाद भी कोतवालीपुरा तथा करींपुरा के लिये नही है रास्ता

पन्ना। जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ार में कोतवालीपुर और करींपुरा ऐसे मजरा टोला हैं जहां आने-जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, यहां के लोग खेतों से आवागमन करने को मजबूर हैं। लेकिन बारिश के दिनों में खेतों की जुताई-बुवाई होने से खेतों का रास्ता भी बंद हो जाता है, जिससे यहां के रहवासी मुश्किलों में आवागमन करते हैं। खेतों में कीचड़ और दलदल के बीच आवागमन करना मुश्किल होता है। ऐसे में बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस पहुंचना भी मुश्किल होता है। ऐसी संकट की घड़ी में लोग बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को चारपाई पर रखकर खेत पार करवाते हैं इसके बाद कहीं अस्पताल जाना संभव हो पाता है। इसके अलावा यहां केवल 5वीं तक स्कूल है। आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को भी खेतों से ही गुजरना पड़ता है। बच्चे स्कूल जाने-आने में कीचड़ से लथपथ हो जाते हैं, यहां के रहवासियों ने बताया कि वह सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष और सीईओ, जिला पंचायत अध्यक्ष एंव कलेक्टर विधायक मंत्री एवं सांसद तक अनेकों आवेदन सौंप चुके हैं, जिसका अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। बताया गया है कि गांव के एक तरफ जंगल है और दूसरी तरफ खेत हैं। लोगों के द्वारा शासन प्रशासन से बारिश से पूर्व रास्ता बनवाने की मांग उठाई गई है ताकि वह आसानी से आवागमन कर सकें, लेकिन जहां एक ओर विकसित भारत की बात बडें मंचो से की जा रही है वहीं दूसरी ओर जिले के अनेक ग्रम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

कलेक्टर ने ग्रीन लीफ प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए संचालित होम स्टे, रिसोर्ट एवं होटल को ग्रीन लीफ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर द्वारा आज कलेक्टर कक्ष में रमाबाई होम स्टे, केन रिवर लॉज, कर्णावती रिट्रीट होम स्टे, केन रिसोर्ट को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

रंजोर पुरा हत्या कांड के आरोपियो को सजा देने सौंपा ज्ञापन

पन्ना। जिले के देवेंद्र नगर थाना अंतर्गत रंजोरपुरवा के छुलहर हार में 4 मई की रात खेत की रखवाली कर रहे किसान अयोध्या प्रसाद द्विवेदी एवं बटाईदार शिवनारायण कुशवाहा और छोटेलाल कुशवाहा पर हुए हमले में शिवनारायण की दर्दनाक मौत हो गई है एवं 2 गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतक और घायलों के परिवार के लोगों ने 13 मई 2024 को पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर हत्यारों को फांसी दिलाने और मृतक एवं घायलों के परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की गई है। बताया गया है कि घटना के बाद से पूरा परिवार भयभीत है, क्योंकि अभी तक केवल 3 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं बाकी फरार हैं, जिससे पीड़ित परिवार अपने खेतों की रखवाली नहीं कर पा रहा है, फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर पीड़ितों को न्याय एवं आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग उठाई गई है।

रिदिमा साहु का सुयश

पन्ना। सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये जिसमें पन्ना जिले के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रर्दशन किया गया केन्द्रीय विघालय पन्ना में अध्ययनरत रिदिमा साहु ने 10 वी बोर्ड की परीक्षा मे उत्कृष्ट अंक प्राप्त करते हूये विघालय तथा जिले का नाम रोशन किया है उन्होने 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये है रिदिमा साहु पंकज साहु तथा माया साहु की सुपुत्री है उनके उत्कृष्ट प्रर्दशन पर विघालय परिवार जन शुभ चिंतको ने बधाई दी है।

जिला अस्पातल की हालत बदतर, गर्मी से परेशान है मरीज

पन्ना। जिले में भीषण गर्मी के प्रकोप से जनजीवन अस्त व्यस्त है, तापमान कभी 42 तो कभी 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। आम लोग घरों से निकलने में भी डर रहे हैं, ऐसे में जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती मरीजों के हाल सबसे ज्यादा बेहाल बताए जा रहे हैं, क्योंकि बंद कमरों में बिना पानी के रखे कूलर गर्म हवा दे रहे हैं, पुराने जमाने के पंखे भी अब हवा देने में नाकाम साबित हो रहे हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजन कागज के टुकड़े या कपड़ा हिलाकर राहत पाने के

कूलर पंखो की नही है व्यवस्था

प्रयास में देखे जा रहे हैं। मरीजों ने बताया कि यही कूलर अगर खिड़की पर रखवा दिए जाएं और उनमें पानी डलवा दिया जाए तो ठंडी हवा देने लगेंगे जिससे मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिल सकेगी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी एवं जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों की इस तकलीफ को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे बीमारियों का इलाज करवाने आने वाले मरीज परेशानियों से जूझ रहे हैं।शासन द्वारा स्वास्थ विभाग को भारी भरकम बजट दिया जाता है लेकिन उक्त बजट जिम्मेदार कागजो पर खर्च करके हडप कर लेते है तथा आम लोगो को लिये दिये जाने वाली सुविधाओ से वंचित रहते है स्थानीय लोगो ने जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधार करवाने की मांग की है।

बांध में डूबने से बालक की मौत

पन्ना। जिले के थाना शाहनगर अंतर्गत ग्राम देवरा के उप सरपंच राजा रानी पति राजाराम यादव के पुत्र गंगाराम यादव उम्र 9 वर्ष की देवरा बांध में डूबने से मृत्यु हो गई है जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि गंगा राम साथी बच्चो के साथ बांध मे नहाने के लिये गया था जो गहरे पानी में चला गया तथा डूब जाने के कारण उसकी मोत हो गई साथी बच्चो द्वारा जानकारी परिजनो को दी गई परिजनो ने पुलिस थाना शाहनगर को सूचित किया गया पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सोंप दिया गया उक्त घटना से परिवार जनो की हालत खराब है।

धूम धाम से मनाया गया भगवान चित्रगुप्त जन्म उत्सव

पन्ना

कायस्थ समाज द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सुबह 9 बजे गायत्री यज्ञ संपन्न होने के बाद प्राकट्योत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ भगवान की झांकी को सुंदर ढंग से सजाया गया तत्पश्चात आतिशबाजी एवं ढोल नगाड़ों के साथ समाज के युवाओं एवं महिलाओं ने भक्ति रस में डूब कर अपार हर्ष के साथ नृत्य एवं बधाई

गीत गाए। भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महाआरती की गई ,महाप्रसाद वितरित किया गया उसके उपरांत समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया एवं प्रदेश में प्रथम स्थान विभिन्न परीक्षाओं मे प्राप्त करने वाले छात्र छा़ओं को सम्मानित किया गया जिसमे विनय पांडे पहाड़ीखेरा नंदकिशोर पटेल सरस्वती स्कूल गनौर सहित समाज के अन्य प्रतिभावान छात्र छात्राओ को प्रमाण पत्र तथा श्री फल के साथ सम्मानित किया गया। तथा आरती के समय भंडार आयोजित किया गया जिसमे सैकडो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, संरक्षक श्री गंगा प्रसाद खरे, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र खरे सहित भारी संख्या में अनेक लोग शामिल रहे।

युवक को प्रताड़ित करने का आरोपी गिरफ्तार

सतना। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामूली विवाद पर युवक से मारपीट कर अपमानित करने और मोबाइल पर वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। गौरतलब है कि अभिषेक उर्फ संतू पुत्र मोहनलाल तिवारी 34 वर्ष, निवासी प्रेमविहार कॉलोनी, ने अपने एक दोस्त कुशाग्र खरे के साथ आरोपी अंकित पुत्र कैलाश सिंह 21 वर्ष, निवासी भीमपुर, जिला अलीगढ़, हाल प्रेमविहार, के साथ चल रहे विवाद में मध्यस्थता का प्रयास किया था।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

पन्ना। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया। जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान पर 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके मान्या दुबे, द्वितीय स्थान पर 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ रिद्धिमा साहू तथा कृतिका पटेल 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में तुषारिका जगवानी 95.8 प्रतिशत

अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अमृत शर्मा ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तथा कृष्ण कुमार लखेरा ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग में रितिका जैन 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर, आदि जैन 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर तथा पलक जगवानी 89.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्राचार्य अमित दाहिया ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा अपने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने पर उनकी मेहनत एवं लगन के लिए बधाई दी।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

पन्ना। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भावना साधौ द्वारा आज जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने जेल किचन में भोजन व्यवस्था व भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। साथ ही पुरूष व महिला बैरकों का पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता एवं हाइजीन के बारे में जानकारी ली। बंदियों से मुक्त चर्चा कर समस्याएं सुनी और उचित मामलों में न्यायालय एवं प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए नि:शुल्क निर्णय प्रति प्रदान करने के निर्णय दिए। यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत व रिहाई के संबंध में तथा जेल चिकित्सालय व महिला बैरक का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रभारी जेल अधीक्षक को बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते भी उपस्थित रहे।

युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सेडमैप शुरू कर रहा क्षमता निर्माण कार्यक्रम

पन्ना। उद्यमिता विकास केंद्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) द्वारा युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सभी 55 जिलों में 37 विभिन्न सेक्टर में युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अंतर्गत संचालित शासकीय स्वरोजगार योजनाओं की सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट आवश्यक होता है। इस हेतु एक व्यापक कार्यक्रम तैयार किया गया है, जो इच्छुक और छोटे व्यवसाय उद्यमियों के लिए, व्यावसायिक उद्यमों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और मौजूदा व्यावसायिक इकाइयों के विकास को बढ़ावा देगा। पाठ्यक्रम में पठन सामग्री, वीडियो आधारित ट्यूटोरियल केस-आधारित दृष्टिकोण भी प्रदान किया जाता है। केंद्र द्वारा डीएलईसी फोरलेन फार्मूला आधारित 'सर्टिफिकेट इन बिजनेस स्किल, डिसेंट्रलाइजेशन, लोकल, एंटरप्रेन्योरशिप तथा कोऑपरेशन' के साथ 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सर्टिफिकेट' का संयुक्त संचालन किया जा रहा है। इस संदर्भ में बताया गया है कि इसके लिए संयुक्त रूप से एक कोर्स 'ज्ञान हैंडबुक' डिजाइन किया गया है, जिसमें 37 विभिन्न सेक्टर से संबंधित उद्यमिता के आयाम को सम्मिलित किया गया है। साथ में वरिष्ठ विषय विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा भी इसमें युवाओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे उद्यमिता पर प्रशिक्षण पा सकते हैं और प्रमाण-पत्र भी नि:शुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। प्रत्येक विषय पर जानकारी के साथ प्रत्येक वीडियो यू-ट्यूब पर उपलब्ध रहेगा। पाठ्यक्रम में उद्यमिता के उभरते हुए अनेक सेक्टर को सम्मिलित किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से वनौषधि-आयुष एपीआई, 64-कलाओं, सोलह सिंगार, हर्बल, 108 जड़ी-बूटी, मोटा अनाज, 108 भारतीय मसाला, जनजातीय उद्यमिता, हथकरघा-बुटीक, गोबर उत्पाद, पूजन सामग्री, फूड प्रोसेसिंग, भारतीय शिल्प, अलाइड डेयरी, मिलेट बेकरी, महुआ, जैव उर्वरक, घरेलू व दैनिक उपयोग की वस्तुओं, बायोप्लास्टिक, स्पोर्ट्स, योग-नेचुरोपैथी पर्यटन उद्यमिता तथा अन्य संबंधित उप सेक्टर शामिल हैं। जल और ऊर्जा स्वराज के साथ एग्रोएंटरप्रेन्योर तैयार करना, विकसित मध्यप्रदेश, फूड प्रोसेसिंग हब, एग्रोप्रेनर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नए इंजन, न्यूट्री हब, श्रीअन्न सुपरफूड को वर्ल्ड वाइड एक्सपोर्ट, छोटे किसानों के लिए मिलेट्स (श्रीअन्न) आधारित उद्यमिता, सौर उर्जा ट्यूबवेलों, कृषि मशीनरी और उपकरण आधारित उद्यमिता, पीएम किसान समृद्धि का विस्तार, ड्रोन-कृषि-सैटेलाइट उद्यमिता के क्षमता निर्माण होने से उपज के प्रभावी मार्केटिंग के लिए नए आयामों को स्थापित करना शामिल है। इसमें संयुक्त रूप से स्वावलंबी भारत अभियान, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार प्रोजेक्ट राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद म.प्र. सरकार, आईसीएआर-अटारी जबलपुर, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में भारत के सवा सौ करोड़ 'ज्ञान' जी फॉर गरीब, वाई फॉर युवा, ए फॉर अन्नदाता (किसान), एन फॉर नारीशक्ति (महिला) पर ध्यान कर डीएलईसी फार्मूला डिसेंट्रलाइजेशन (विकेंद्रीकरण), लोकल (स्वदेशी), एंटरप्रेन्योरशिप (उद्यमिता), कोऑपरेशन (सहकारिता) आधारित अत्याधुनिक पाठ्यक्रम का नि:शुल्क संचालन किया जा रहा है। अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष निमित्त प्रारंभ हुये क्षमता सम्वर्धन के इस कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन और नागरिक शिष्टाचार के साथ स्वदेशी उत्पाद हेतु स्थानीय संसाधन का पर्यावरण हितैषी के रूप में उपयोग एवं सामाजिक समरसता को ध्यान में रखकर सहकारिता आधारित आउट ऑफ बॉक्स थिंकिंग वाले उद्यमिता के माध्यम से क्लास बी और क्लास सी कैटेगरी के स्वदेशी उत्पादों से बड़े पैमाने पर इंपोर्ट कम तथा एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने सम्मिलित किया गया है। पंच परिवर्तन के सूत्र सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का जागरण तथा नागरिक शिष्टाचार का पालन करते हुए उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र उद्यमिता का निर्माण प्रायोगिक रूप में कराने का प्रशिक्षण भी इस पाठ्यक्रम में शामिल है।

लोक अधिकार केन्द्र से समूह सदस्यों की समस्याओं का हो रहा है निदान

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनुपम पहल

सीधी

म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अर्तगत विकासखण्ड सिहावल के माडल सीएलफ अन्तर्गत उजाला संकुल स्तरीय संगठन सेमरी में लोक अधिकार केन्द्र का संचालन किया जा रहा है, जिसमें ऊषा पटेल समता समन्वयक, देववती विश्वकर्मा एवं अंजू सिंह समता सखी के साथ ही साथ चार जेण्डर सखी सीएलफ अंन्तर्गत 20 ग्राम पंचायतों के सघन कद से समूह सदस्यों को विभिन्न माध्यमों एवं माड्यूल द्वारा ''मेरा हक मेरी पहचान'' सुख-दुख किसका पलड़ा भारी दाना कोठी एवं वन्धन मुक्त की जानकारी लगातार प्रदाय कर रही है।

परिणाम स्वरुप पेन कार्ड-17, आधार कार्ड-46 आयुष्मान कार्ड-186 संबल योजना-130 जच्चा बच्चा कार्ड के साथ ही महिला हिंसा एवं हक अधिकार के लिए कार्य किया जाता है।

ऊषा पटेल समन्वयक द्वारा बताया गया कि खुद उनकी स्थिति ठीक नहीं थी। आजीविका मिशन की प्रेरणा से समूह गठन किया लगातार प्रशिक्षण प्राप्त होते रहे, सीएलफ द्वारा एवं प्रक्रिया का पालन कर उन्हें चयनित किया गया, उनका प्रशिक्षण भोपाल में हुआ तत्पश्चात वह कार्य कर रहें। लोक अधिकार केन्द्र के माध्यम से वे समूह सदस्यों को हक कर्तव्य अधिकार पर लगातार काम कर रहे है। इस काम में हरीराम त्रिपाठी प्रभारी जिला प्रबंधक एसआईएसडी एवं प्रशांत मिश्रा जिला प्रबंधक समुदायिक क्षमता विकास के मार्गदर्शन में युवा सलाहकार राजेश सिंह के सहयोग से यह कार्य करने में सफलता आर्जित कर रहे हैं।

स्ट्रांग रूम परिसर की सतत निगरानी के लिए संशोधित आदेश जारी

सीधी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संशोधित आदेश जारी कर बताया है कि राजपत्रित अधिकारी के नाम में आंशिक संशोधन करते हुए स्ट्रांग रूम परिसर की सतत निगरानी के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार दिनांक 15.05.2024 से 19.05.2024 तक समय रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक शिवम तिवारी सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के स्थान पर प्रवीण कुमार तिवारी सहायक परियोजना समन्वयक कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र सीधी ड्यूटी लगाई है। इसी प्रकार समय दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे संतोष अरिहा नायब तहसीलदार मझौली के स्थान पर आशीष मिश्रा नायब तहसीलदार मड़वास जिला सीधी की ड्यूटी लगाई है। शेष अवधि के अधिकारियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पूर्व में जारी अधिकारियों का आदेश यथावत रहेगा।

नगर निगम आयुक्त ने की टीएल पत्रो की समीक्षा

मूक मवेशियों के लिए रखे जाए पानी के नाद

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा सप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर नगरीय क्षेत्र में चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई। निगमायुक्त श्री शर्मा के द्वारा नगरीय क्षेत्र में पेयजल उपलंब्धता की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डो में समुचित पेयजल उपलंब्ध कराया जाये। साथ ही निगम आयुक्त के द्वारा एक दल गठित किया गया जो नगर के सभी वार्डो में सर्वे के माध्यम से अनुपयोगी नल कनेक्शनो को चिन्हित करेगा। फिर उस रिपोर्ट के आधार पर अनुपयोगी नल कनेक्शन को बंद कराने की कार्यवाही की जाएगी। निगम आयुक्त ने कहा इस भीषण गर्मी में हर जीव को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो अपनी वेदना बता सकते हैं, लेकिन पशु पक्षी अपनी वेदना नहीं बता सकते हैं। इन मूक मवेशियों के लिए निगम द्वारा

निगम कॉलोनी के बाहर,निगम मुख्यालय के बाहर,माज़न मोड पेट्रोल पंप के पास,सर्किट हाउस, सन्डे मार्केट ,इंद्रा चौक,कृषि उपज मंडी ,रिलायंस चौराहा,विंध्यनगर पेट्रोल पंप आदि जगह को चिन्हित कर पानी के नाध रखाये गए। जिनकी समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त ने कहा कि प्रतिदिन इन में स्वच्छ जल को भरने की समुचित व्यवस्था की जाए लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम आयुक्त ने निर्देश दिये कि आकास्मिक दुर्घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुये हर समय कम से कम दो फयर ब्रिगेड तैयार रखे। जिनकी व्हीकल लाइट, हूटर,बत्ती और मशीनरी सही तरीके से कम करें। इसके साथ कंट्रोल रूम के सभी कर्मचारी पूरी तरह सजग रहे और जरूरत पड़ने पर करवाई के लिए पूरे जमखम के साथ तैयार रहे। नगर निगम आयुक्त श्री शर्मा के द्वारा आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुये सभी जोनो के सहायक यंत्रियो को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के नाले-नालियो की साफ सफाई कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि वर्षा के दौरान सुगमता से वर्षा जल की निकाशी हो सके।

शिक्षक सरपंच पति का फर्जीवाड़ा, वाटर शेड के तालाब को बनाया अमृत सरोवर

मझौली। जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत सहिजनहा में पेशे से शासकीय शिक्षक व सरपंच पति राजेंद्र त्रिपाठी का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। बताया गया है कि राजेंद्र त्रिपाठी ने अनिल हार्डवेयर सहिजनहा, शुभम हार्डवेयर पथरौला, अनिल ट्रेडर्स, अनिल हार्डवेयर जैसे फर्जी फर्मों के नाम पर लाखों का भुगतान किया है जबकि अप्रत्यक्ष रूप से इन फर्म का संचालक खुद सरपंच पति है। इतना ही नहीं उपरोक्त फर्म सभी मात्र कागजों में संचालित हैं जिनकी कहीं कोई दुकान नहीं है।

ग्रामीणों के मुताबिक एप्रोच सड़क निर्माण सहिजनहा से हथगढ़ पहुंच मार्ग का पूरा कार्य जहां मशीनरी से कराया गया है वहीं बिना ट्रेजन के निजी पट्टे के जमीन में सड़क निर्माण कराया गया है जबकि खानापूर्ति के लिए दूसरे जगह का नक्शा खसरा लगाया गया है जिसमें फर्जी तरीके से लाखों का भुगतान कराया गया है। वर्ष 2006 में वाटर शेड से निर्मित तालाब बलजीत केवट के घर के पास को अमृत सरोवर तालाब गुर्रा टोला के नाम से उसी तालाब को जेसीबी मशीन से नाम मात्र का उत्खनन कराकर उसे नया तालाब का नाम देकर लाखों का फर्जी तरीके से भुगतान कराया गया है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जिला स्तरीय जांच कमेटी से जांच कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

युवती से दुराचार के मामले में महीने भर से फरार चल रहा आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सिंगरौली। महिला संबंधी अपराधों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इसी के परिपालन में थाना मोरवा की गोरबी पुलिस ने बलात्कार के मामले में महीने भर से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी अनुसार बीते माह 13 अप्रैल को बरगवां थाना क्षेत्र के एक युवक ने शादी का झांसा देकर एनसीएल गोरबी ब्लॉक बी के आवासीय परिसर में गनियारी निवासी एक युवती से दुष्कर्म किया था। वही दुष्कर्म के बाद आरोपी अपने वादे से मुकर कर फरार हो गया। प्यार में धोखा खाई युवती ने

इस घटना के बाद पुलिस का सहारा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता के बयान के आधार पर एसडीओपी कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन व मोरवा निरीक्षक अशोक सिंह परिहार के सतत निगरानी में गोरबी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 376/24 धारा 376, 376 (2)(ठ), 506 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरू की। पुलिस द्वारा उसे पकड़ने का हर संभव प्रयास किया जा रहा था, परंतु आरोपी अपना ठिकाना बार-बार बदल रहा था। पुलिस ने आरोपी की चल अचल संपत्ति को जप्त करने की कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी थी। इसी बीच गोरबी प्रभारी को मामले के आरोपी के नौढीया अंचल तरफ अपने साथियों के साथ आने की सूचना मिली।

तो गोरबी पुलिस ने सादी वर्दी में घेराबंदी कर आरोपी जियालाल साकेत उर्फ मोनू पिता भुआल साकेत को गिरफ्तार कर लिया। जिसे आज न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक, सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, राजबहोर प्रजापति आरक्षक विश्वजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एनसीएल ने सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान विषय पर लगाया 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

सिंगरौली। भारत सरकार की मिनिरत्न कम्पनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान (एसएमपी) विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।16 मई से 11 मई, 2024 तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनसीएल कर्मियों को सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाने के लिए जागरूक करना रहा।इस दौरान पूर्व उप महानिदेशक, डीजीएमएस और सीआईएल के सुरक्षा सलाहकार, एसके दत्ता द्वारा सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों से 103 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवम् कोयला खदान नियमावली 2017 में सुरक्षा प्रबंधन नियोजन के समावेशन व इसकी उपयोगिता, सुरक्षा प्रबंधन नियोजन का निर्माण व परिभाषा, कोयला खदानों में सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का महत्व व इसके घटक, दुर्घटना निवारक एवम् दुर्घटना निर्धारण प्रबंधन व इसका विश्लेषण, सुरक्षा प्रबंधन की सीमाएं, शून्य क्षति दक्षता, रिस्क मैनेजमेंट, रिस्क असेसमेंट व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञान अर्जन किया।

पुलिस ने 7 चोरो को गिरफ्तार कर 12 मोटर साइकिल किया बरामद

मोटर सायकल चोर गिरोह गिरफ्तार

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते की सतत निगरानी एवं थाना प्रभारी विध्यनगर शिवपूजन मिश्रा तथा चौकी प्रभारी जयंत सुरेन्द्र यादव को एक बड़े मोटरसाइकिल चोर गिरोह को पकड़ने में कामयाबी मिली है। जिसमे जयंत, कोतवाली वैढ़न सहित आस-पास से चोरी गई करीब 12 लाख कीमती 12 मोटरसाइकल जप्त कर चोर गिरोह के 7 सदस्यों को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। मिली जानकारी के अनुसार 2 मई को

सरसवाह बस्ती में रात्रि एक घर से मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट चौकी जयंत को प्राप्त हुई। जिस पर चौकी प्रभारी जयंत द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मोटरसाइकिल चोरों की तलाश की जाने लगी जिस पर जयंत पुलिस टीम को एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल में तीन लोग दिखे जिनका पीछा कर पकड़ा गया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किए जिनसे सख्ती से पूछताछ की गई तो मोटरसाइकल चोरी करना कबूल किया एवं चोरी की कुछ मोटरसाइकल जयंत वर्कशाप के जंगल और कुछ मोटरसाइकल अपने घर छुपाना कबूल किया। जिनसे चोरी की सभी मोटरसाइकल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने. श्रीमान उर्फ छोटे पटेल 20 वर्ष, धीरज उर्फ राहुल सिंह 38 वर्ष, सतीश द्विवेदी 26 वर्ष तीनों निवासी ग्राम खड़बड़ा थाना अमिलिया जिला सीधी के रहने वाले है जो जयंत और आस-पास के क्षेत्र से मोटरसाइकल चुराने आते थे इन चोरों के पास से 2 अपाची, 1 पल्सर, 1 यामाहा सनजव, 1 जअे फोनिक्स, 1 होंडा साइन, । डिस्कवर, 1 पैशन प्रो, 1 हीरो डिलक्स गाड़ियों जप्त की गई हैं, जिनकी कीमत करीब 10 लाख रुपए है। तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिनको न्यायालय पेश किया जाएगा। चूंकि आरोपी दूसरे जिले के निवासी थे और जयंत आकर चोरी करते और फिर भाग जाते इसीलिए चोरों को पकड़ने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

एनसीएल की खदान में घुसकर लूट व मारपीट करने वाले तीन आरोपी कड़ी मशक्कत के बाद हुए गिरफ्तार

एक की तलाश अभी भी जारी, पुलिस जगह-जगह दे रही दबिश

सिंगरौली। बीते 6 मई की रात एनसीएल की गोरबी ब्लॉक बी परियोजना के खदान क्षेत्र में घुसकर सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साथ मारपीट कर दो नली बंदूक, कारतूस एवं अन्य सामान लूटने की वारदात सामने आई थी। कयास लगाए जा रहे हैं कि सभी आरोपी खदान में कोयला चोरी के इरादे से घुसे थे। परंतु गार्ड से सामना होने पर उन्होंने उनसे हाथापाई कर उसकी बंदूक, कारतूस व मोबाइल समेत अन्य सामान लूट लिया, वहीं हो- हल्ला

मचने के बाद सभी आरोपी वहां से भाग खड़े हुए। इस मामले में गोरबी पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर लिया है, वही एक फरार आरोपी की तलाश अभी भी जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोरबी ब्लॉक बी में बतौर आम गार्ड के पद पर तैनात राजकुमार सिंह पिता विश्वनाथ सिंह उम्र 55 वर्ष ने गोरबी चौकी में तहरीर दर्ज कराई की रात करीब 10:30 बजे जब वह अपने सुपरवाइजर के साथ खदान क्षेत्र के कोलियार्ड में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। तभी चार लोगों ने लाठी डंडे से उनपर प्रहार कर दिया। इस दौरान उन्होंने उनकी दो नली समेत कारतूस, मोबाइल, टोर्च आदि भी छीन लिया ताकि वह किसी को मदद के लिए न बुला सकें।

एनटीपीसी-विंध्याचल वीवा क्लब द्वारा चेस एवं कैरम प्रतियोगिता का किया गया उदघाटन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल वीवा क्लब द्वारा 15 दिवसीय वीवा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इस प्रतियोगिता में बैडमिंटन, चेस, कैरम आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल है। इसी कड़ी में दिनांक 13.05.2024 को वीवा क्लब द्वारा चेस एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता बड़े उत्साह के साथ सभी बच्चों ने भाग लिया । इस अवसर पर मुख्यमहाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष (वीवा क्लब) के के वशिष्ठ, महाप्रबंधक(हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक(आर एल आई) त्रिलोक सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें, जिन्होंने इस प्रतियोगिता के दौरान उपस्थिति से

खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। सभी बच्चों ने काफी लगन एवं मेहनत के साथ इस प्रतियोगिता को खेला एवं इसका आनंद उठाया। तत्पश्चात जनरल सेक्रेटरी वीवा क्लब विवेक सिंह द्वारा पूर्व अध्यक्ष वीवा एवं महाप्रबंधक (परियोजना) के के वशिष्ठ के लिए अभिननंदन समारोह का आयोजन किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल के मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा , अन्य महाप्रबंधकगण द्वारा मुख्य अतिथि के के वशिष्ठ को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष वीवा एवं महाप्रबंधक (परियोजना) के के वशिष्ठ ने अपने सम्बोधन में एनटीपीसी विंध्याचल में बिताए गए पलों एवं विभिन्न अनुभवों को भी के साथ साझा किया। विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान मुख्यमहाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा द्वारा वीवा परिवार की तरफ से मुख्य अतिथि केके वशिष्ठ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं यूनियन व एशोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी खिलाड़ियों के चेहरों पर चमक और मुस्कान इस पहल की सफलता का प्रमाण था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जनरल सेक्रेटरी वीवा क्लब विवेक सिंह एवं वीवा क्लब के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पुलिस अधीक्षक ने की 50 वाहनो पर कार्यवाही

सिंगरौली। रात्रि गस्त के दौरान पुलिस अधीक्षक सिंगरौली, श्रीमति निवेदिता गुप्ता द्वारा स्वंय रात्रि में आकस्मिक भ्रमण किया गया जिसमें अवैध रुप से वाहनो का परिवहन ओवरलोड कोल परिवहन, रेत परिवहन व अन्य वाहनो में दस्तावेज पूर्ण व सही नही होने से वाहनो पर कार्यवाही की गई। जिसमें थाना बैढ़न में 13, विंध्यनगर 02 , जियावन 12 एवं बरगवां में 23 वाहनो कुल 50 वाहनो पर कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी शामिल रहे।

व्यक्ति चाहे कितना बड़ा भी हो जाए लेकिन अपने माता-पिता और गुरु से कभी बड़ा नहीं हो सकता: कथा वाचिका

सिंगरौली। सिंगरौली जिले सरई के राधा कृष्ण मंदिर बनियान तालाब में श्री राम कथा भागवत व श्री हनुमान मारूति यज्ञ चल रही है। श्री राम कथा के चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका ने ममता पाठक जी ने कहा कि व्यक्ति चाहे कितना बड़ा हो जाए लेकिन अपने माता-पिता और गुरु से बड़ा कभी नहीं हो सकता, क्योंकि इस दुनिया में लाने वाले हमारे माता-पिता ही हैं वह अगर नहीं लाते तो हम कैसे आते हैं संसार में, माता-पिता से व्यक्ति कभी भी बड़ा नहीं हो सकता, इसलिए माता-पिता की रोज वंदना करनी ही चाहिए। नित्य वृद्धो को बड़ों को प्रणाम करने से उनका आशीर्वाद मिलता है। व्यक्ति में इतनी विनम्रता होनी ही चाहिए। अपने माता-पिता की रोज वंदना करें रोज उनको प्रणाम करें, प्रणाम ना कर सकें तो घर में जितने भी

लोग हैं सबसे भगवान के नाम का जाप करवाइए और खुद कीजिए जय कृष्ण कहिए राधे-राधे कहिए सीताराम कहिए कहिए से लेकिन बोलिए जरूर। आपके दिन की शुरूआत भगवन नाम से हो, गुड मॉर्निंग बोलना छोड़िए सुबह उठकर आप भगवान का नाम लीजिए भगवान के नाम लेने से व्यक्ति का दिन की शुरुआत अच्छी होती है । इसलिए कीजिए, करने वाले लोग करते भी हैं लेकिन जो नहीं मानते है उनको कैसे समझाया जाए मैं तो उपस्थित सभी लोगों से प्रार्थना करती हूं कि आपके इस गांव सरई में आयीं हूँ तो इतना तो निवेदन करके जाऊगी कि ज्यादा कुछ ना कर सके तो यह नियम जरूर बना लीजिएगा मैंने सुना है यहां वर्षों से कथा हो रही है, इस बार थोड़ा सा परिवर्तन आना चाहिए जब एक दूसरे से मिलिए तो हाथ जोड़ करके सीताराम राम-राम जरूर कीजिएगा इसके साथ ही कथा वाचिका ममता पाठक ने कई अन्य विषयों प्रवचन करते हुए विविध प्रसंगों को सुनाया, वही कार्यक्रम के अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम श्री राम कथा भागवत दिनांक 10 मई से प्रारंभ होकर 18 मई तक चलेगा जो समय 4:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक हैं। तो वही महायज्ञ समय सुबह 7:00 से 11:00 बजे तक चलता है। हवन,तर्पण, महाप्रसाद भंडारा 19 मई को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम संगीतमय तरीकें से चल रहा है। कथा श्रवण करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही हैं। तो वहीं यज्ञ कर्ता बाबा भोलादास महाराज विप्र मित्र मंडली हैं। श्री रामकथा के आयोजन कर्ता व मुख्य श्रोता पूर्व संरपच रामबालक द्विवेदी,केमली देवी हैं। उक्त कार्यक्रम मे ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

संपादकीय

गलत जीवनशैली संबंधी बीमारियां सरकार के लिए बनी चिंता का विषय

पिछले कुछ दशक में जीवन-शैली संबंधी बीमारियां सरकार के लिए चिंता का विषय बनती गई हैं। स्वास्थ्य और आहार विशेष निरंतर लोगों से अपनी जीवन-शैली में बदलाव लाने, आहार संबंधी सतर्कता बरतने का आह्वान करते रहे हैं, मगर उसका अपेक्षित असर नहीं देखा जाता। खासकर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की खानपान संबंधी आदतें बदली हैं, उससे कई नई तरह की बीमारियां पैदा हो रही हैं। स्वास्थ्य संबंधी इन नई समस्याओं की गिरफ्त में बच्चों और युवाओं को अधिक देखा जा रहा है। मोटापा और मधुमेह अब युवाओं के बीच आम समस्या की तरह उभरे हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद यानी आइसीएमआर ने अपनी एक रपट में खुलासा किया है कि 56.4 फीसद बीमारियां अस्वास्थ्यकर खानपान की वजह से होती हैं। आइसीएमआर की तहत काम करने वाली संस्था राष्ट्रीय पोषण संस्थान यानी एनआइएन ने आहार संबंधी विवरण पेश करते हुए सत्रह ऐसे खाद्य पदार्थों की सूची जारी की है, जिनसे परहेज करके बीमारियों से दूर रहा और स्वास्थ्यकर जीवन बिताया जा सकता है। निश्चय ही इससे लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर कुछ सतर्कता बढ़ेगी। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि खासकर शहरी और कस्बाई जीवन में खानपान की आदतें बहुत तेजी से बदली हैं। जबसे डिब्बाबंद और बने-बनाए भोज्य पदार्थों का बाजार बढ़ा है, तबसे खानेपीने के पारंपरिक नियम-कायदे छिन्न-भिन्न होने लगे हैं। बच्चों और युवाओं की जीभ पर बाजार का स्वाद अपना राज करने लगा है। इसमें लोग भूल ही गए हैं कि क्या खाना सेहत की दृष्टि से उचित है और क्या अनुचित। खानेपीने का कोई तय समय भी नहीं रह गया है। इस तरह युवाओं के चयापचय पर बुरा असर पड़ा है, जिसका नतीजा उनमें बढ़ता मोटापा और उनके हृदय पर बढ़ता बोझ है। बहुत सारे कसरत करने वाले युवा, बिना सोचे-समझे प्रोटीन की खुराक लेते हैं, यह उनकी सेहत पर बहुत बुरा असर डाल रहा है। इसे लेकर आइसीएमआर ने आगाह किया है। यह निश्चय ही चिंता का विषय है कि आधे से अधिक लोगों में बीमारियां केवल गलत खानपान की आदतों की वजह से पैदा हो रही हैं।

लोकसभा चुनाव का चौथा चरण पूरा हो गया है, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं राजनेताओं एवं उम्मीदवारों के दागदार चरित्र की परते खुलती जा रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है।

पीर पराई चुनावी मुद्दा क्यों नहीं बनता?

(ललित गर्ग)

देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खर्चीली होती जा रही है।

लोकसभा चुनाव का चौथा चरण पूरा हो गया है, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं राजनेताओं एवं उम्मीदवारों के दागदार चरित्र की परते खुलती जा रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है। वही रांची में एक पुराने मामले की जांच कर रही ईडी को रेड में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घर पर काम करने नौकर के यहां से 39 करोड कैश बरामद हुआ है। यौन उत्पीड़न, दुराचार, भ्रष्टाचार एवं देशद्रोह पर सवार नेताओं एवं दागदार उम्मीदवारों से जुड़ा यह चुनाव लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रश्न है। हमारी राजनीति एक त्रासदी बनती जा रही है। राजनेता सत्ता के लिये सब कुछ करने लगा और इसी होड़ में राजनीति के आदर्श ही भूल गया, यही कारण है देश की फिजाओं में विषमताओं और विसंगतियों का जहर घुला हुआ है और कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं देती। डर लगता है राजनीतिक भ्रष्टाचारियों से, अपराध को मंडित करने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से, देश की एकता एवं अखण्डता को दांव पर लगाने वालों से एवं यौन उत्पीड़न व दुराचार से नारी अस्मिता को नौंचने वालों से।

देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खर्चीली होती जा रही है। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पर्दाफाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम् पालने की श्रेणी में आता है। साफगोही अव्यावहारिक है। भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं देना समय को नहीं पहचानना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में इन और ऐसे बुनियादी सवालों पर चर्चा होना जरूरी है। आखिर कब तक राजनीतिक स्वार्थों के नाम पर नयी गढ़ी जा रही ये

परिभाषाएं समाज और राष्ट्र को वीभत्स दिशाओं में धकेलती रहेगी? विकासवाद की तेज आंधी के नाम पर हमारा देश, हमारा समाज कब तक भुलावे में रहेगा? चुनाव के इस महायज्ञ में सुधार की, नैतिकता की, मूल्यों की, सिद्धान्तों की बात कहीं सुनाई नहीं दे रही है? दूर-दूर तक कहीं रोशनी नहीं दिख रही है। बड़ी अंधेरी और घनेरी रात है। न आत्मबल है, न नैतिक बल।

महान एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए आयोज्य यह चुनाव रूपी महायज्ञ आज 'महाभारत' बनता जा रहा है, मूल्यों और मानकों की स्थापना का यह उपक्रम किस तरह लोकतंत्र को खोखला करने का माध्यम बनता जा रहा है, यह गहन चिन्ता और चिन्तन का विषय है। विशेषतः चारित्रिक अवमूल्यन, आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को प्रश्रय देने का चुनावों में नंगा नाच होने लगा है और हर दल इसमें अपनी शक्ति का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं। बात केवल चुनावी चंदे ही नहीं बल्कि विदेशों से मिलने वाले चंदों की भी है। आज सवाल बहुत बड़ा है और वह है भारत की राजनीति को प्रत्यक्ष विदेशी प्रभाव से बचाना। आम आदमी पार्टी पर जिन कथित भारत-विरोधी विदेशी ताकतों से भारी राशि लेने के आरोप लगे हैं, वह हमारी समूची चुनाव प्रणाली के लिए चुनौती है। क्या कभी सत्तापक्ष या विपक्ष से जुड़े लोगों ने या नये उभरने वाले राजनीतिक दावेदारों ने, और आदर्श की बातें करने वाले लोगों ने, अपनी करनी से ऐसा कोई अहसास दिया है कि उन्हें सीमित निहित स्वार्थों से ऊपर उठा हुआ राजनेता समझा जाए? यहां नेताओं के नाम उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं न ही राजनीतिक दल महत्वपूर्ण है, महत्वपूर्ण है यह तथ्य कि इस तरह का कूपमण्डूकी नेतृत्व कुल मिलाकर देश की राजनीति को छिछला ही बना सकता है। सकारात्मक राजनीति के लिए जिस तरह की नैतिक निष्ठा की आवश्यकता होती है, और इसके लिए राजनेताओं में जिस तरह की परिपक्वता की अपेक्षा होती है, उसका समूचे विपक्षी दलों में अभाव एक पीड़ादायक स्थिति का ही निर्माण कर रहा है। और हम हैं कि ऐसे नेताओं के निर्माण में लगे हैं!

चुनावों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरूआत मानी जाती है, पर आज चुनाव लोकतंत्र का मखौल बन चुके हैं। चुनावों में वे तरीके अपनाएं जाते हैं जो लोकतंत्र के मूलभूत आदर्शों के प्रतिकूल पड़ते हैं। इन स्थितियों से गुरजते हुए, विश्व का अव्वल दर्जे का कहलाने वाला भारतीय लोकतंत्र आज अराजकता के चौराहे पर है। जहां से जाने वाला कोई भी रास्ता निष्कंटक नहीं दिखाई देता। इसे चौराहे पर खड़े करने का दोष जितना जनता का है उससे कई गुना अधिक राजनैतिक दलों व नेताओं का है जिन्होंने निजी व दलों के स्वार्थों की पूर्ति को माध्यम बनाकर इसे बहुत कमजोर कर दिया है। आज ये दल, ये लोग इसे दलदल से निकालने की क्षमता खो बैठे हैं। महाभारत की लड़ाई में सिर्फ कौरव-पांडव ही प्रभावित नहीं हुए थे। उस युद्ध की चिंगारियां दूर-दूर तक पहुंची थीं। साफ दिख रहा है कि इस महाभारत में भी कथित अराजक राजनीतिक एवं आर्थिक ताकतें अपना असर दिखाने की कोशिश कर रही है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। इन स्थितियों में अब ऐसी कोशिश जरूरी है जिसमें 'महान भारत' के नाम पर 'महाभारत' की नई कथा लिखने वालों के मंतव्यों और मनसूबों को पहचाना जाए। अर्जुन की एकाग्रता वाले नेता चाहिए भारत को, जरूरी होने पर गलत आचरण के लिए सर्वोच्च नेतृत्व पर वार करना भी गलत नहीं है।

यह सही है कि आज देश में ऐसे दलों की भी कमी नहीं है, जो नीति नहीं, व्यक्ति की महत्वाकांक्षा के आधार पर बने हैं, लेकिन नीतियों की बात ऐसे दल भी करते हैं। जनतांत्रिक व्यवस्था के लिए कथनी और करनी की असमानता चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने में हमारे राजनीतिक दलों ने नीतियों-आदर्शों के ऐसे उदाहरण प्रस्तुत नहीं किए हैं, जो जनतांत्रिक व्यवस्था के मजबूत और स्वस्थ होने का संकेत देते हों, फिर भी यह अपेक्षा तो हमेशा रही है कि नीतियां और नैतिकता कहीं-न-कहीं हमारी राजनीति की दिशा तय करने में कोई भूमिका निभाएंगी। भले ही यह खुशफहमी थी, पर थी। अब तो ऐसी खुशफहमी पालने का मौका भी नहीं दिख रहा। लेकिन यह सवाल पूछने का मौका आज है कि नीतियां हमारी राजनीति का आधार कब बनेंगी? सवाल यह भी पूछा जाना जरूरी है कि अवसरवादिता को राजनीति में अपराध कब माना जाएगा? यह अपने आप में एक विडम्बना ही है कि सिद्धांतों और नीतियों पर आधारित राजनीति की बात करना आज एक अजूबा लगता है। यह सही है कि व्यक्ति के विचार कभी बदल भी सकते हैं, पर रोज कपड़ों की तरह विचार बदलने को किस आधार पर सही कहा जा सकता है? सच तो यह है कि आज हमारी राजनीति में सही और गलत की परिभाषा ही बदल गई है- वह सब सही हो जाता है जिससे राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति होती हो और वह सब गलत हो जाता है जो आम आदमी के हितों से जुड़ा होता है, यह कैसा लोकतंत्र बन रहा है, जिसमें 'लोक' ही लुप्त होता जा रहा है?

नरसी मेहता रचित भजन ''वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीर पराई जाने रे'' गांधीजी के जीवन का सूत्र बन गया था, लेकिन यह आज के नेताओं का जीवनसूत्र क्यों नहीं बनता? क्यों नहीं आज के राजनेता पराये दर्द को, पराये दुःख को अपना मानते? क्यों नहीं जन-जन की वेदना और संवेदनाओं से अपने तार जोड़ते? कोई भी व्यक्ति, प्रसंग, अवसर अगर राष्ट्र को एक दिन के लिए ही आशावान बना देते हैं तो वह महत्वपूर्ण होते हैं। पर यहां एक दिन की अजागरूकता पांच साल यानी अठारह सौ पचीस दिनों को अंधेरों के हवाले करने की तैयारी होती है।

डिजिटल लेन-देन पर न लगे दाग

(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)

तेरी गठरी में लागा चोर मुसाफिर जाग जरा... कबीर दास ने जब यह कहा, तो इसका अर्थ बहुत गूढ़ था। मगर सामान्य भाषा में इसका अर्थ आसान है- सावधान न रहेंगे, तो कोई आपकी गठरी या जेब साफ कर सकता है। आज चूंकि आप अमूमन अपना माल-मत्ता मोबाइल फोन में ही लेकर चलते हैं, इसलिए चोरों के लिए भी आसान हो गया है कि बिना हाथ लगाए, यानी कैशलेस अंदाज में ही वे इसे साफ कर डालें। 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' वाली कहावत अब सड़क पर ही नहीं, डिजिटल दुनिया में भी चरितार्थ हो रही है। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि डिजिटल लेन-देन खतरनाक है या इससे किनारा कर लेना चाहिए। मगर इतना साफ है कि लेन-देन जितना आसान होता जा रहा है, अपने पैसे और उससे जुड़ी जानकारी की हिफाजत उतनी ही जरूरी और मुश्किल होती जा रही है।

समझने में आसानी होगी यह जानकर कि डिजिटल लेन-देन की दुनिया में जालसाजी का आलम क्या है? ट्रांसयूनियन एक इंफॉर्मेशन और इनसाइट कंपनी है। वह दुनिया भर में डिजिटल और बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड के जरिये होने वाले लेन-देन को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी आंकड़े जुटाती है। दुनिया भर में लेन-देन के कारोबार में जालसाजी पर उसकी ताजा रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में जितना डिजिटल लेन-देन हुआ, उनमें से करीब पांच प्रतिशत पर जालसाजी का शक है। लेन-देन के संदिग्ध मामलों की गिनती इस साल पिछले वर्ष के मुकाबले 14 फीसदी बढ़ी है। जालसाजी की रफ्तार कितनी तेज है, इसका नमूना यह है कि 2019 से 2023 के बीच जहां कुल डिजिटल लेन-देन का काम 90 फीसदी बढ़ा, वहीं जालसाजी वाले या इसकी आशंका वाले लेन-देन में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

आपके क्रेडिट कार्ड का ब्योरा चुराकर या उसकी कॉपी बनाकर ठगी करने के किस्से अब भी बंद नहीं हुए हैं। इसी तरह, किसी न किसी बहाने से फोन पर आपका ब्योरा चुराने की कोशिशें भी लगातार जारी हैं। हाल तो



यह है कि अगर अपने शहर से बाहर अचानक आपका फोन खो जाए और आप किसी दूसरे नंबर से अपने दोस्तों-परिचितों से मदद मांगने की कोशिश करें, तो ज्यादातर मामलों में उन्हें पहले शक होता है कि कोई जालसाज खेल तो नहीं कर रहा? आपके फेसबुक अकाउंट या वाट्सएप को हैक करके या उसका क्लोन बनाकर आपके नाम पर लोगों से पैसे मांगने वाली ठगी का कारोबार भी जोरों पर है।

भारत डिजिटल लेन-देन के मामले में दुनिया में अगली कतार में खड़े देशों में शामिल है। यूपीआई से लेन-देन की शुरुआत 2016 में हो गई थी, लेकिन खासकर नोटबंदी और कोरोना के बाद इसमें जबर्दस्त तेजी आई है। 2023 में भारत में यूपीआई के जरिये होने वाले लेन-देन की गिनती 117.6 अरब थी। यहां कुल मिलाकर 182 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। इसी साल जनवरी से दिसंबर के बीच यूपीआई के इस्तेमाल में 49 प्रतिशत का उछाल देखा गया और तेजी का यह सिलसिला थमा नहीं है। अनुमान है कि जल्द ही हर महीने 20 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन इस रास्ते होने लगेगा। इसमें क्रेडिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग या दूसरे चैनलों से होने वाला ऑनलाइन लेन-देन शामिल नहीं है। ऐसे में, डिजिटल चोरी या जालसाजी की आशंका भी बढ़ती जा रही है।

रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में डिजिटल फ्रॉड के 6,659 मामले सामने आए, जिनमें 276 करोड़ रुपये की ठगी हुई। जबकि, उससे पिछले साल 3,596 मामलों में 155 करोड़ रुपये की जालसाजी की खबर मिली थी। ध्यान रहे कि ये वही मामले हैं, जिनकी शिकायत रिजर्व बैंक तक पहुंची है। बहुत से लोग रकम गंवाने के बाद भी उसकी शिकायत करने की जहमत नहीं उठाते हैं। कई मामलों में तो लोगों को ठगी की जानकारी भी नहीं हो पाती।

मगर जब ऐसी जालसाजी किसी कंपनी के साथ होती है, तो उसे वह ठगी की रकम से कहीं ज्यादा महंगी पड़ती है। डिजिटल जालसाजी रोकने के कारोबार की दिग्गज कंपनी लेक्सिसनेक्सिस रिस्क सॉल्यूशंस ने 'ट्रू कॉस्ट ऑफ फ्रॉड' नाम की रिपोर्ट निकाली है, जिसमें एशिया प्रशांत क्षेत्र की तमाम कंपनियों का सर्वे करके यह हिसाब जोड़ा गया है कि जालसाजी जितनी रकम की होती है, उसके मुकाबले कंपनियों को इससे कितने की चोट पड़ती है? इसके मुताबिक, अगर कहीं एक रुपये की जालसाजी होती है, तो उसके ऊपर होने वाला कुल खर्च करीब चार गुना हो जाता है। इसमें डूबी हुई रकम के अलावा उसकी भरपायी के लिए होने वाली मेहनत, कानूनी कार्रवाई, कंपनी की साख का नुकसान और इसके साथ जुड़े छोटे-बड़े खर्च शामिल होते हैं।

आज ठगी के एक से एक नायाब तरीके सामने आ रहे हैं। ई-मेल या वाट्सएप पर लिंक भेजकर फिशिंग। कोई इनाम जीतने का लालच देकर ठगना। आपका बिजली कनेक्शन कट जाएगा, आपका कोई दोस्त या रिश्तेदार पुलिस थाने में है, आपका कोई पार्सल विदेश से आकर कस्टम में अटका है आदि धमकी देकर किसी तरह क्रेडिट कार्ड का ब्योरा हासिल करना। फोन पर बातों में उलझाकर ओटीपी हासिल करना- ये सब तो पहले से चल रहे थे, लेकिन अब ऑनलाइन गेम के नाम पर, शेयर बाजार में किसी बड़े एक्सपर्ट का चेहरा लगाकर उससे मुलाकात या उसकी सलाह के नाम पर, बड़े-बड़े व्यापारियों की तस्वीरों के साथ कोई खास कोर्स चलाने के नाम पर भी ठगी के नए जाल बिछाए जा रहे हैं। आगे और भी नए तरीके सामने आते जाएंगे।

आखिर इनसे बचें कैसे? यह चिंता सरकार को भी है, इसीलिए हाल में वित्त मंत्रालय ने देश की फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ इस मसले पर चर्चा की और ऐसी जालसाजी पर लगाम कसने की तैयारी शुरू कर दी है। बैंकों और लेन-देन के काम में लगी कंपनियों ने भी ऐसे इंतजाम किए हैं, ताकि आपकी इच्छा के बिना आपके खाते या कार्ड से पैसा निकालना संभव न हो। हालांकि, जब कहीं 'डाटा ब्रीच' की खबर आती है, तो सावधानी और बढ़ाने की जरूरत बढ़ जाती है। लिहाजा, सबसे जरूरी यही है कि अपने क्रेडिट कार्ड या बैंक खाते से जुड़ी हरेक जानकारी बेहद गोपनीय रखी जाए और जरा भी शक होने पर उसकी रिपोर्ट बैंक या पुलिस को की जाए। वहीं, सरकार को भी बाकी सब चीजों के साथ इतना इंतजाम जरूर करना चाहिए कि पूरे बाजार में हर दुकान जिस अंधाधुंध अंदाज में ग्राहकों के मोबाइल फोन नंबर व अन्य जानकारी जमा करने में लगी है, उस पर कम से कम लगाम लगे। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

वर्ग पहेली 5370

1	2	3		4		5	
6			■		■		■
	■	7	8		9	■	10
11		■		■	12		
	■	13		14		■	
15	16	■	■	17		18	■
19		■	20	■	21		22
■	23			■		■	

संकेत: बाएं से दाएं

1. भारतीय जनसंघ के संस्थापाक जो प्रमुख शिक्षाविद चिंतक थे (निधन 23 जनू 1953)(8)
6. प्रसिद्ध द्वादश-ज्योतिर्लिंगों में एक मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
7. धीरे-धीरे अपने स्थान से हटना, खिसकना, रेंगना (4)
11. दिनपति, भास्कर, सूर्य, दिनकर (2)
12. बिना पकी भोजन सामग्री (3)
13. सहयोग, मदद (4)
15. शोभा, कांति, छवि (2)
17. पुत्र सहित (3)
19. आमोद-प्रमोद के लिए बनाई गई संस्था (2)
21. दही या छाछ में साग या अन्य खाद्य पदार्थों के छोटे पदार्थों के बारीक टुकड़े मिलाकर बनाया गया खाद्य पदार्थ (3)
23. आराम, सुख, चैन, करार (3)

ऊपर से नीचे

1. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के बेटे थे जो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके थे (7)
2. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन (2)
3. विदेश जाकर रहना, परदेश जाना (3)
4. दरवाजा खटखटाने से होने वाली आवाज (3)
5. अपराध, कसूर, भूल (2)
8. अठारह पुराणों मे से एक जिसमें सनकादिक ने नारद को संबोधित करके कथा कही है (6)
10. तमगा, मैडल (3)
14. मध्यप्रदेश के अलिराजपुर जिले के तहसील जहां चंद्रशेखर आजाद की जन्म स्थली है (3)
18. तीन, तीसरा (2)
20. आहुति के रूप में दिया हुआ, पूर्व समर्पण किय हुआ (2)
22. राजा का मुकुट, छज्जा (2)

वर्ग पहेली 5369 का हल

स्वी	न	न	■	छा	या	■	■
प	ल	क	झ	प	क	ते	■
■	■	ब	ल	■	■	ह	स्त
■	स	ज	ना	■	फ	रा	र
क	मा	नी	■	सौ	त	न	■
र	ज	■	अ	■	ह	■	ह
■	प्रे	र	क	■	ना	म	क
र	मी	■	रा	■	मा	म	ला

चुप करके सुनेंगे, तभी तो ठीक से बहस करेंगे

गधे ने एक बार आसमान की तरफ सिर उठाकर देखा तो लाल-लाल बादलों ने उसमें डर पैदा कर दिया। फिर उसने कभी ऊपर नजरें नहीं कीं। इस लिहाज से वह सही कह रहा था कि आसमान लाल रंग का होता है। लेकिन, घोड़ा इस बात पर अड़ा था कि आसमान नीला है। दोनों में से कोई हार मानने को तैयार न था। आखिर में बहस पहुंची राजा शेर के दरबार में। शेर ने फैसला गधे के हक में सुनाया और घोड़े को कोड़ों की सजा मिली। जब घोड़े ने अपना पक्ष रखना चाहा, तो शेर ने कहा कि तुम अपनी जगह ठीक हो, लेकिन गधे से बहस क्यों की?

आम बहस में यह खतरा रहता है कि कोई एक पक्ष हार जाए, कोई हार कर भी जीत जाए और किसी को सजा भुगतनी पड़ जाए। लेकिन, बहस अगर राजनीतिक हो, तो ये सारे खतरे करीब-करीब लुप्त हो जाते हैं। तब न पूरी तरह कोई सही होता है और न पूरी तरह गलत। बहस इस पर होती है कि कौन ज्यादा सही है। चूंकि मौसम चुनावों का है, तो ऐसे में राजनीतिक बहस और भी मौजूं हो जाती है। सियासी बहस जब तक तर्क-वितर्क पर चलती रहे, कुतर्क में न फंसे, तब तक इससे बढ़िया टाइमपास कोई नहीं। इसमें वक्त भी कटता है और आनंद भी आता है। सामान्य तौर पर बहस को जोड़ लिया जाता है अनुशासन से। बच्चा जब मां-बाप से, जूनियर जब सीनियर से नाइत्तफाकी जाहिर करने की कोशिश करता है, तो उसे यही ताकीद मिलती है, बहस नहीं। लेकिन, राजनीतिक बहस इस दायरे से बाहर आती है। इसकी सबसे बड़ी स्क ही है, दूसरों की बात से असहमति। यहां सामने वाले की हां में हां मिलाने की मजबूरी नहीं होती। आप अपनी थियरी रख सकते हैं, अपने विचार जाहिर कर सकते हैं। राजनीतिक बहस सलीका सिखाती है कि कैसे दूसरों से असहमत होते हुए उन्हें अपनी बातों से सहमत किया जाए। ये बहसें होती हैं बैठकों में और इन बैठकों का कोई स्थायी ठिकाना नहीं होता। ट्रेन, बस, चाय-पान की गुमटी, घर या ऑफिस- कहीं भी दो या उससे ज्यादा लोग राजनीतिक बहस शुरू कर सकते हैं। ऐसी दो-चार बैठकी के बाद ही आपको लगने लगेगा कि आपके तर्क ज्यादा परिपक्व हो रहे हैं, आपको अपनी बात पर डटे रहने के लिए ज्यादा ठोस वजह मिलने लगी है और नए-नए विचार आ रहे हैं। यह कमाल बहस का है, जो दिमाग को घिसकर पैना कर देती है। चार लोगों के सामने बात रखने का मौका देती है, कॉन्फिडेंस बढ़ाती है।

बात से बात जोड़ना और बात से अपने मतलब की बात निकालना सिखाती है राजनीतिक बहस। जब तक एक पक्ष हार न माने, तब तक इसका अंत नहीं हो सकता और ऐसा अपवाद स्वरूप होता है जब कोई हार माने। तो सियासत पर छिड़ी एक बहस सैकड़ों मील लंबा रास्ता भी पार करा देती है। इसकी सबसे बड़ी खूबसूरती है कि आप किसी भी बहस का किसी भी समय हिस्सा बन सकते हैं, किसी भी पक्ष के साथ हो सकते हैं और किसी भी समय उस बहस से बाहर निकल सकते हैं।

राजनीतिक बहस धैर्य धरना सिखाती है। दूसरों को दम साधकर सुने बिना अच्छा बहसबाज नहीं बना जा सकता। विपक्ष के एक-एक तर्क पर गौर करना, उसकी काट तैयार करना और फिर उसे एक के बाद एक, संभलने का मौका दिए बिना तीर की तरह चलाना- यह सब राजनीतिक बहस में ही संभव है। इस दौरान खुशी के छोटे-छोटे मौके भी मिलते हैं, छोटी-छोटी जीत के रूप में। लेकिन, एक सीख भी छिपी है इस जीत में कि यह जीत हमेशा नहीं रहेगी, बिल्कुल हार की तरह। आप जब अपने पर मुग्ध हो रहे होंगे, तभी सामने वाला जवाब तलाश कर आपके तर्क को ढेर कर सकता है। तो राजनीतिक बहस ज्यादा सचेत बनाती है। और इसकी सबसे जरूरी शर्त, जैसे राजनीति में कहते हैं कि कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, वैसे ही बहस में उतरते हुए भी उस सीमा को न लांघें जिससे कड़वाहट पैदा हो।

आज का राशिफल

मेष

आज आपका दिन शुभ कार्य में बीतेगा। आपके लिए भाग?य में वृद्धि के योग बन रहे हैं और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज आपको जरूरी कार्य पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुख की प्राप्ति होगी। पैसों कर बचत करें तो आपको लाभ होगा।

मिथुन

आज का दिन आर्थिक मामलों में सामान्?य बीतेगा। आप बौद्धिक और व्यवसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्?त करेंगे। आपको संतान पक्ष की ओर से हर्ष दायक समाचार प्राप्त होगी और आपका मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, हर काम को ईमानदारी से पूरा करें।

सिंह

आज आर्थिक लाभ होगा और आपका भाग?य हर मामले में साथ देगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका खर्च होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है और आपको बड़ा लाभ होगा।

वृषभ

आज का दिन लाभ से भरा होगा। हालांकि ऑफिस में लोग आपसे आगे निकलने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाएंगे तो आपको लाभ होगा। कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके शाम का वक?त आप परिवार के लोगों के साथ बिताएंगे और उनके साथ एंजॉय करेंगे।

कर्क

आज भाग?य साथ दे रहा है और आज शुभ कार्य में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जनसंपर्क में वृद्धि होगी। आप प्रफुल्लित रहेंगे। आज कर्क राशि के लोगों के लिए दिन शुभ और लाभ देने वाला होगा।

कन्या

आज लाभ का दिन है और आज आपके लिए दिन चुनौतियों से भरा होगा। आपके सामने आज ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी होंगे और आपके लिए इनको पूरा कर पाना काफी मुश्किल होगा। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी।

तुला

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज ग्रहों के योग से आपका दिन शुभ रहेगा। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे। व्यर्थ की भागदौड़ से आज का दिन परेशानियों वाला रहेगा। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी। आपको रुका पैसा मिल सकता है।

धनु

आज आपके लिए भाग?य में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आपको सरकारी कार्य में सफलता प्राप्?त होगी और घर में धन धान्य की वृद्धि होगी। मित्रों से धन का लाभ होगा और आपको मित्रों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्?त होगा। आपकी कोई मनोरथ सिद्ध होगी। रात्रि में शुभव्यय-मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

कुंभ

आज का दिन सम्?मान से भरा होगा और आज आप सभी कार्य समय से पूरे कर लेंगे। आज आपको कर्म फल शुभ मिलेगा। कहीं से कमा कमाया धन मिलने के योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। मतभेद व क्रोध अधिक न करें, इससे आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है। आपस में हर समस?या को सुलझा लें।

वृश्चिक

आज का दिन काफी चुनौतियों से भरा होगा। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। आज आप अपनी बात को दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब होंगे। आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आज आपके धन में वृद्धि होगी और भाग?य साथ देगा।

मकर

आज धन में वृद्धि होगी और आपका भाग?य आपको सफलता प्रदान करेगा। अच?छे लोगों के मिलने से आपके मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का अंत होगा। शाम के वक?त आपकी सेहत में गिरावट आ सकती है। ध्यान रखें और बाहर का खाना न खाएं।

मीन

आज का दिन हर मामले में मिलाजुला रहेगा। आज पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आएंगे और आपके लिए आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं। विरोध पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाने से आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी।

संक्षिप्त समाचार

उत्तराखंड के मदरसों में गैर-मुस्लिम बच्चों को दी जा रही इस्लामी शिक्षा

देहरादून , एजेंसी। उत्तराखंड में बच्चों के अधिकारों को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने 14 विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के साथ राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम ने देहरादून के कई मदरसों का भी औचक निरीक्षण किया, जहां कई अनियमितताएं पाई गईं। आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने मीडिया सेंटर में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि आयोग ने सभी अनियमितताओं पर साफ कर दिया है कि शिक्षा विभाग और अल्पसंख्यक आयोग की मिलीभगत के कारण उत्तराखंड में 400 से ज्यादा मदरसे अवैध रूप से चल रहे हैं। इन मदरसों पर आयोग की तरफ से कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग उत्तराखंड के सभी जिलाधिकारियों को दिल्ली तलब करने की तैयारी में है। इसके अलावा, आयोग को देहरादून में कुछ ऐसे मदरसे भी मिले हैं, जहां दूसरे राज्यों से बच्चे लाकर मदरसों में रखे गए। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम का दावा है कि औचक निरीक्षण के दौरान उन्हें ऐसे मदरसे भी मिले हैं जिनमें हिंदू बच्चों को इस्लाम धर्म की शिक्षा दी जा रही थी।

हेमंत सोरेन की याचिका पर 17 मई को सुनवाई

रांची , एजेंसी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर अब 17 मई को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। सुप्रीम कोर्ट आज हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन ने इस याचिका में झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को सही ठहराया गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट में आए तीन मई के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को जायज ठहराते हुए पर्याप्त साक्ष्य होने की बात कही थी। इसी आदेश को हेमंत ने एसएलपी दायर कर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

सहरसा में एके-47 के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

पटना, एजेंसी। बिहार के सहरसा में पुलिस ने दियारा क्षेत्र से एके-47, नाइन एमएम पिस्टल व कई राउंड गोलियों के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक लाख रुपये का इनामी शातिर अपराधी साधु यादव और शंभू यादव भागने में सफल रहा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कनरिया ओपी में साधु यादव अपने सहयोगी के साथ हथियार लेकर घूम रहा है। इसी सूचना के बाद कार्रवाई की गई। पुलिस ने सूचना की पुष्टि के लिए चिड़ैया ओपी पुलिस के साथ चेकिंग अभियान चलाया। सूचना सही पाये जाने के बाद अपराधियों को इस बात की भनक लग गई कि पुलिस इनकी तलाश कर रही है।अपराधियों ने पुलिस पर अटैक करने के लिए कई राउंड फायरिंग की। इस दौरान गिरफ्तार अपराधी का सहयोगी और एक लाख रुपये का इनामी साधु यादव और शंभू यादव भाग गया। वहीं उनका तीसरा सहयोगी सुभाष यादव हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। सुभाष यादव के पास से एक एके 47, नाइन एमएम का एक देसी पिस्टल व कई राउंड कारतूस मिले हैं। पुलिस पर फायरिंग करने के विरुद्ध सुभाष यादव पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

सलमान खान फायरिंग केस में छठी कामयाबी, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी। बॉलिवुड स्टार सलमान खान के घर के बाहर पिछले महीने हुई गोलीबारी के मुंबई क्राइम ब्रांच को एक और बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान 34 वर्षीय हरपाल सिंह के रूप में हुई है। वह हरियाणा के फतेहाबाद का निवासी है। मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने सोमवार शाम को आरोपी को उसके गृहनगर से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि सिंह को मंगलवार तड़के मुंबई लाया गया और उसे आज अदालत में पेश किया जाएगा। मुंबई पुलिस ने अब तक इस मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शहर में बांद्रा इलाके के गैलेक्सी अपार्टमेंट में स्थित सलमान खान के आवास के बाहर 14 अप्रैल को दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने गोली चलाई और फिर मौके से फरार हो गए थे।

दक्षिण और पश्चिम में खत्म चुनावी लड़ाई, अब यूपी समेत उत्तर भारत पर सबकी नजर

नईदिल्ली, एजेंसी। चौथे चरण के चुनाव खत्म होते ही अब राजनीतिक अखाड़ा दक्षिण और मध्य भारत से निकलकर उत्तर की तरफ शिफ्ट हो गया है। अब राजनीतिक दलों ने भी उत्तर के राज्यों में फोकस बढ़ा दिया है। आगामी तीन चरणों में उत्तर प्रदेश की 41 सीटों पर मतदान होना है। इसमें उत्तर प्रदेश की कई हॉट सीट्स जैसे कि वाराणसी, गोरखपुर आजमगढ़, बलिया और गाजीपुर शामिल है। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा था। इनमें से ज्यादातर सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। पश्चिम बंगाल में भी कुल 42 में से अभी 24 सीटों पर मतदान बाकी है। पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है। कई केंद्रीय मंत्री भी पश्चिम बंगाल के चुनाव प्रचार में उतरे हैं। वहीं टीएमसी की अगुआई खुद ममता बनर्जी कर रही हैं। बिहार की बात करें तो अभी 40 में से 21 सीटों पर वोटिंग बाकी है। 2019 के चुनाव में एनडीए ने 21 सीटों पर जीतहासिल की थी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना में रोडशो किया। पटना लोकसभा सीट पर 1 जून को मतदान होना है।

भाजपा के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी अभी बिहार में कई जनसभाएँ करेंगे।वहीं विपक्षी आरजेडी की तरफ से तेजस्वी यादव चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बता दें कि 2019 के चुनाव में आरजेडी को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी।

ओडिशा में इस बार लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ में ही कराए जा रहे हैं। 21 में से 17 लोकसभा सीटों पर मतदान आखिरी के तीन चरणों में होना है। भाजपा ने 2019 में ओडिशा में आठ सीटें हासिल की थीं। भाजपा का फोकस इस बार लोकसभा में स्थिति मजबूत करने और विधानसभा में सत्ता परिवर्तन की है। हालांकि राज्य में बीजू जनता दल की स्थिति भी मजबूत है। झारखंड में भी अगले तीन चरणों में 14 में से 10 सीटों पर मतदान होना है। यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है।

दिल्ली, हरियाणा की सात और 10 लोकसभी सीटों पर भी छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रही है। 2019 के चुनाव में दिल्ली में भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज की थी। चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल से बाहर आ गए हैं। पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की भी 18 सीटों पर मतदान आखिरी चरण में होना है। पंजाब में मुकाबला चतुष्कोणीय है। यहां आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, बीजेपी के अलावा शिरोमणि अकाली दल भी मैदान में है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में बारामुला और लद्दाख में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। महाराष्ट्र की 13 बची हुई लोकसभी सीटों पर भी 20 मई को वोट पड़ेंगे। इस बार महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन पूरा जोर लगा रहा है। एनसीपी, कांग्रेस और शिवेसेना (यूबीटी) महाराष्ट्र के चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

अमित शाह के फर्जी वीडिया मामले में आरोपी को राहत, अदालत ने दी जमानत

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के मामले में गिरफ्तार कांग्रेस सदस्य को जमानत दे दी। कोर्ट ने सोमवार को यह कहते हुए जमानत दी कि उसने जांच में सहयोग किया है और उससे आगे हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है। अरुण रेड्डी को 3 मई को गिरफ्तार किया गया था और वह एक्स पर स्पिरिट ऑफ कांग्रेस अकाउंट संभालते हैं। चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट नबीला वली ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुख्य आरोप जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया था, यह था वह उस व्हाट्सऐप ग्रुप का एडमिन था, जिस पर फर्जी वीडियो पहली बार प्रसारित करने के लिए पोस्ट किया गया था। जस्टिस ने कहा कि आरोपी पर उक्त वीडियो को किसी भी मंच पर पोस्ट करने का कोई आरोप नहीं है। उन्होंने कहा कि आरोपी तीन मई से हिरासत में है और जांच एजेंसी पहले ही उसकी पुलिस हिरासत ले चुकी है। उन्होंने कहा, जांच अधिकारी के जवाब के अनुसार आरोपी ने जांच एजेंसी के साथ सहयोग किया है और अपने सहयोगियों/अन्य के नाम का खुलासा किया है। साथ ही, यह एक स्वीकृत स्थिति है कि आगे कोई पुलिस हिरासत की आवश्यकता नहीं होगी। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में अन्य संदिग्धों को तेलंगाना उच्च न्यायालय की ओर से दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान की गई है।

आरोपी से आगे हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं

न्यायाधीश ने कहा, अदालत की राय में आरोपी से आगे हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, यह ऐसा मामला नहीं है कि जांच एजेंसी को अन्य संदिग्धों के ठिकाने की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, यह भी प्रस्तुत किया गया है कि आरोपी से कोई और जब्ती नहीं की जानी है और आरोपी का मोबाइल फोन पहले ही जब्त कर लिया गया है। आरोपी का इतिहास साफ सुथरा है। ऐसे में आरोपी अरुण कुमार रेड्डी को जमानत दी जाती है। जस्टिस ने आरोपी को आईओ की ओर से आवश्यक होने पर जांच में शामिल होने और आईओ को अपना मोबाइल फोन नंबर देने का निर्देश दिया, जिसे हर समय चालू रखा जाएगा ताकि उससे संपर्क किया जा सके।

छत्तीसगढ़ में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, अब तक 180 इनामी माओवादी सहित 801 ने किया सरेंडर

रायपुर, एजेंसी। भाजपा सरकार आने के बाद लगातार नक्सल अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों के जवान लगातार नक्सली एरिया में माओवादियों का उत्पात कम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा पुलिस व सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह नक्सली बेचपाल पंचायत के डीएकेएमएस के सदस्य हैं।जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार लोन वारंटू अभियान के तहत दो माओवादियों ने दंतेवाड़ा पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। दोनों नक्सली बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना व बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। बता दें कि छत्तीसगढ़ के घोर नक्सल इलाके में पुलिस बल और सीआरपीएफ जवानों द्वारा लगातार नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जवान नक्सलियों से लगातार संवाद कर रहे हैं साथ ही गांव-गांव में जाकर इसका प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरुप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई भी दे रहा है। लोन वारंटू अभियान के तहत अब तक 180 इनामी माओवादी सहित 801 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

नक्सलियों को मिलते हैं ये लाभ

बतादें कि छत्तीसगढ़ में आत्मसमर्पण करने पर नक्सलियों को 25 हजार रुपये मुआवजा राशि मिलती है। सरेंडर करने पर अन्य लाभ भी मिलेंगे। हार्ड-कोर रैंक होल्डर नक्सली के लिए आत्मसमर्पण की मुआवजा राशि 10 लाख रुपये है।

अवैध वेंडरों के के खिलाफ रेलवे ने चलाया अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों से सामान का ज्यादा पैसा लेने वाले कई वेंडरों पर कार्रवाई की है। रेलवे के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन पर अवैध वेंडरों के के खिलाफ अभियान चलाया है। जिसमें अवैध वेंडर, भीड़ प्रबंधन, टिकट चेकिंग, खानपान, स्टालों पर ओवर चार्जिंग, खान पान की गुणवत्ता, उपलब्ध सामानों के एक्सपायरी तिथि की जांच बारीकी से की गयी। आईआरसीटीसी द्वारा संचालित सोपान रेस्टोरेंट की जांच में अत्यधिक गंदगी मिली और एक अवैध वेंडर बिना प्राधिकार के पकड़ा गया। प्लेटफार्म संख्या 9/10 पर संचालित कृष्णा कैटरिंग स्टाल पर भी गंदगी एवं पैसेंजर से ओवर चार्जिंग के के लिए जुर्माना लगाया गया। इस जांच अभियान में स्टालों के बाहर फैले सामानों और गंदगी के लिए 1500 रुपए का स्पॉटिंग शुल्क भी वसूल किया गया। इस दौरान 2 अवैध वेंडर को पकड़कर रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द कर दिया। इस औचक निरीक्षण में बिना टिकट, अनियमित यात्रा, बिना बुक सामान और गंदगी फ़ैलाने के लिए 124 यात्रियों को प्रभारित कर 77,760 रुपये वसूल किये गए। वहीं, अनधिकृत यात्रा, अनियमित यात्रा, स्टेशन परिसर में गंदगी फ़ैलाने में 261 यात्रियों को नियमनुसार प्रभारित कर जुर्माने में 160300 रुपये वसूल किया गए। इस दौरान गाड़ी संख्या 22912, हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस के पैंट्री कार, प्रयागराज छिवकी एवं मानिकपुर के स्टालों पर मान्य ब्रांड के आइटम होते हुए भी अन्य ब्रांड की सामग्री बेचने के कारण उन्हें ज़ब्त किया गया। यात्री ध्यान रखें कि स्टेशनों या ट्रेन में कहीं आपसे सामान की ज्यादा कीमत तो नहीं वसूली जा रही है। इसलिए सामान खरीदने से पहले उसकी कीमत जरूर जांच लें।

भाजपा में गए दलबदलू विधायक जल्द सलाखों के पीछे होंगे, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू की कांग्रेस के बागियों पर दो टूक

शिमला , एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के दलबदलू विधायकों पर ऐक्शन का ऐलान कर दिया है। सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए सभी छह विधायक जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। शिमला में सोमवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सुक्खू ने कहा कि सरकार साढ़े तीन साल और चलेगी और 2027 में दोबारा चलेगी। उन्होंने कहा कि 1 जून के बाद राज्य की जनता भ्रष्ट लोगों को सबक सिखाएगी। शिमला में कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी रैली के दौरान वामपंथी सीपीआईएम के नेताओं ने भी शिमला में कांग्रेस के साथ एक मंच साझा किया। शिमला लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी ने सोमवार को सीएम सुक्खू की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया।

इसके बाद चौड़ा मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से बगावत कर बीजेपी में शामिल हुए बागी विधायकों पर जमकर हमला बोला। सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के छह दागी नेता धन-बल के बल पर बिक गए और उन्होंने पार्टी से बगावत कर दी। सुक्खू ने कहा कि बजट 2024-25 पेश

करने के बाद सभी दागी नेताओं ने सरकार की तारीफ की, लेकिन जब उन्हें भाजपा ने पैसों का लालच दिया तो वे राजनीतिक बाजार में बिक गए और दूसरी किस्त लेने के लिए पंचकूला भाग गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास जनता की ताकत है। यह लड़ाई सरकार या मुख्यमंत्री पद बचाने की नहीं है, बल्कि उन भ्रष्ट लोगों को सबक सिखाने और संविधान और लोकतंत्र को बचाने की है। भाजपा नेताओं ने पैसे के माध्यम से सरकार गिराने की साजिश रची थी। यह चुनाव भविष्य की राजनीति तय करेगा।

सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता इन चुनावों में बीजेपी को हराकर खरीद-फरोख्त की राजनीति को करारा जवाब देगी और पूरे देश के लिए एक मिसाल कायम करेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने एक राज्यसभा सीट चुरा ली है, लेकिन राज्य की जनता चारों लोकसभा सीटें कांग्रेस को देगी। उन्होंने कहा कि इन सभी भ्रष्ट लोगों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा। सुक्खू सरकार साढ़े तीन साल और चलेगी। इसके बाद वर्ष 2027 में सरकार का पार्ट टू दोहराया जाएगा। छह बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीटों के साथ-साथ विधानसभा के उपचुनाव 1 जून को आखिरी चरण में होंगे।

नक्सलियों को चुकानी होगी मासूमों की मौत की कीमत : विष्णु देव साय

रायपुर , एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगल गए दो बच्चों की आईईडी की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे पर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख व्यक्त किया और कहा है कि नक्सलियों को इसकी कीमत चुकानी होगी। राज्य के मुख्यमंत्री साय ने सोमवार को हुई घटना का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, बीजापुर जिले के बड़े बोड़गा गांव के एक खेत में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से गांव के दो मासूम बच्चों के देहावसान की दुखद सूचना प्राप्त हो रही है। ईश्वर से उन अबोध बच्चों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। उन्होंने आगे लिखा, नक्सलवाद का काला साया हमारे बच्चों को निगल रहा है, जिसे किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। नक्सलियों को मासूमों के करुण मौत की क़ीमत अवश्य चुकानी होगी। ज्ञात हो कि सोमवार को बीजापुर के भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के इंद्रावती नदी के तट पर बोड़गा गांव में दो बच्चे अपने पालकों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। इसी दौरान आईईडी में धमाका हुआ, जिसमें उनकी मौत हो गई। इससे एक दिन पहले भी एक युवती की आईईडी की चपेट में आने पर मौत हुई थी। यह आईईडी जवानों को शिकार बनाने के लिए लगाए गए थे, मगर निर्दोष इसकी चपेट में आ गए। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा बलों ने भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है, जिसमें कई नक्सली मारे गए हैं।

जज रह चुके भाजपा उम्मीदवार गंगोपाध्याय पहुंचे हाई कोर्ट, हत्या के प्रयास में हो चुकी FIR

तमलुक, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की तमलुक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मदद की गुहार लगाई है। उन पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस पर अनावश्यक कार्रवाई करने और परेशान करने का आरोप लगाया है। आज उनसे जुड़े केस पर हाई कोर्ट सुनवाई करेगा। पूर्व जज अभिजीत गंगोपाध्याय से जुड़ा मामला न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत में पेश किया गया है। पुलिस पर दुर्भावनापूर्ण और अनावश्यक कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए गंगोपाध्याय के अधिवक्ता राजदीप मजूमदार ने अदालत के समक्ष कहा कि उनके मुवक्किल को चुनाव प्रचार करने से रोकने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है। मजूमदार ने कहा कि गंगोपाध्याय के खिलाफ धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामला क्या है : गंगोपाध्याय चार मई को जब अपना नामांकन पत्र दाखिल करने गए थे तब तृणमूल कांग्रेस से संबद्ध किसी शिक्षक संगठन से जुड़े होने का दावा करने वाले कुछ लोगों द्वारा उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जाने की कथित घटना सामने आई थी। गंगोपाध्याय के वकील ने दावा किया कि कुछ लोगों ने पूर्व मेदिनीपुर जिलाधिकारी कार्यालय के पास आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों का विरोध किया। मजूमदार ने कहा कि पूर्व न्यायाधीश जिलाधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने गए थे और उनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है लेकिन इसके बावजूद उनका नाम प्राथमिकी में शामिल किया गया और इस प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है। गंगोपाध्याय ने इसी साल मार्च में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा की सदस्यता ले ली थी। जिसके बाद पार्टी ने उन्हें तमलुक लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है। गंगोपाध्याय ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों में भर्तियों में अनियमितताओं के आरोपों से संबंधित कई मामलों की जांच सीबीआई से कराए जाने का आदेश दिया था।

मुंबई में आंधी ने मचाया कोहराम, 12 की मौत और 64 घायल, 5 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान

मुंबई, एजेंसी। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को सोमवार को जोरदार आंधी ने हिला डाला। धूल भरी इस आंधी के चलते लोग जहां के तहां फंस गए और कई जगहों पर ट्रैफिक बाधित रहा। कई उड़ानों पर भी इसका असर पड़ा है। तेज हवाओं के चलते कहीं पेड़ गिर गए तो कहीं बैनर और बिलबोर्ड्स आदि आंधी में नीचे आ गिरे। एक ऐसा ही बड़ा सा बिलबोर्ड गिरने के चलते 12 लोगों की मौत हो गई और 64 लोग घायल हैं।

20 से ज्यादा लोग अंदर फंसे बताए जा रहे हैं। घायलों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल का दौरा करने वाले बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने कहा, अब तक राजावाड़ी अस्पताल में कुल 64 लोग एडमिट हुए हैं। 4 लोगों को अस्पताल में मृत घोषित किया गया और 4 लोग मौके पर ही मृत पाए गए थे। बलबोर्ड गिरने की घटना मुंबई के घाटकोपर इलाके की है। बिलबोर्ड एक पेट्रोल पंप के सामने लगा था, जो आंधी आने पर पंप के बीचोंबीच जा गिरा, जहां कुछ लोग मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक, घाटकोपर में होर्डिंग ढहने की घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दुर्घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मलबे में फंसे जीवित बचे लोगों की तलाश की जा रही है। मालूम हो कि मुंबई में इस सीजन की यह पहली बारिश है।

बारिश होने से मुंबई और उसके आसपास के इलाके के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। हालांकि, धूल भरी हवाओं के चलते लोगों को परेशानियों का सामना जरूर करना पड़ा। तेज धूल भरी आंधी चली जिससे आज दोपहर में 3 बजे ही आसमान में अंधेरा छा गया। पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। वित्तीय राजधानी के कई जिलों में बिजली गुल हो गई। ऐसे में लोगों की परेशानियां और भी ज्यादा बढ़ गईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि मुंबई के आसपास कई इलाकों में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। ठाणे, पालघर और मुंबई में बिजली गिरने, मध्यम से तेज बारिश और तूफान आने की आशंका है। आईएमडी ने इसे लेकर नाउकास्ट वार्निंग जारी की है। वहीं, बिजली के तार पर बिलबोर्ड गिर जाने से आरे और अंधेरी ईस्ट के बीच मेट्रो नहीं चल सकी। तेज हवाओं के कारण ठाणे और मुलुंड के बीच रूट पर एक खंभा झुक जाने से ट्रेनें प्रभावित हुईं। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि मेन लाइन पर सबअर्बन सर्विस रोक दी गई है। बेमौसम बारिश से चिलचिलाती गर्मी से कुछ तक राहत जरूर मिली, मगर ठाणे के कलवा और कुछ अन्य इलाकों में बिजली गुल होने से परेशानी बढ़ गई।

संक्षिप्त समाचार

शॉटपुट

आभा ने शॉटपुट में बनाया राष्ट्रीय कीर्तिमान, 18.41 मीटर गोला फेंक तोड़ा अपना और मनप्रीत का रिकॉर्ड

भुवनेश्वर, एजेंसी। बावजूद इसके वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाईं। ओलंपिक के लिए क्वालिफाइंग मार्क 18.80 मीटर है। हालांकि उनके पास 30 जून तक क्वालिफाई करने का मौका है।

महाराष्ट्र की आभा खटुआ ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप में 18.41 मीटर गोल फेंक शॉटपुट का नया राष्ट्रीय कीर्तिमान रच दिया। उन्होंने 18.06 मीटर का अपना और मनप्रीत कौर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। उन्होंने पांचवें प्रयास में यह दूरी नापी। बावजूद इसके वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाईं। ओलंपिक के लिए क्वालिफाइंग मार्क 18.80 मीटर है। हालांकि उनके पास 30 जून तक क्वालिफाई करने का मौका है।

चंदा को 800 मीटर का स्वर्ण

यूपी की किरन बालियान 16.54 मीटर के साथ दूसरे और दिल्ली की श्रृष्टि विज 15.86 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 200 मीटर में ओडिशा के अनिमेश कुजूर ने 20.62 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। महिलाओं की 800 मीटर दौड़ दिल्ली की चंदा ने दो मिनट 2.62 सेकंड के समय के साथ जीती। पंजाब की ट्विंकल (2.03.94) ने रजत और अमनदीप कौर (2.07.66) ने कांस्य जीता।

स्लोवोनिया बधिर टेनिस ओपन

स्लोवोनिया बधिर टेनिस ओपन में पृथ्वी शेखर ने जीता खिताब, भारत का नाम किया रोशन

नई दिल्ली, एजेंसी। स्लोवोनिया बधिर टेनिस ओपन में पृथ्वी शेखर ने खिताब जीत लिया है। सोमवार को उन्होंने पुरुष एकल वर्ग में खिताब जीतकर भारत का नाम रोशन किया। स्लोवोनिया बधिर टेनिस ओपन में पृथ्वी शेखर ने खिताब जीत लिया है। सोमवार को उन्होंने पुरुष एकल वर्ग में खिताब जीतकर भारत का नाम रोशन किया।

स्कॉट एडवर्ड्स करेंगे कप्तानी

टी20 विश्व कप के लिए नीदरलैंड्स की टीम का ऐलान

अम्स्टेलवीन, एजेंसी। नीदरलैंड्स ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें विकेटकीपर-बल्लेबाज स्कॉट एडवर्ड्स 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले मेगा इवेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सहयोगी देश ने लगातार तीन विश्व कप संस्करणों में भाग लिया। नीदरलैंड्स ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप और पिछले साल वनडे विश्व कप में खेला था। मुख्य कोच रेयान कुक ने कहा, पिछले दो विश्व कप में हमने सराहनीय प्रदर्शन किया है और हम टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने के लिए आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका में दो आधिकारिक अभ्यास मैच खेलने के बाद ग्रुप चरण के दौरान नीदरलैंड्स का सामना दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल से होगा।

नीदरलैंड्स की टीमः

स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान/विकेटकीपर), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, डेनियल डोरम, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओडोड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, तेजा निदामानुरु, ? टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंग्मा, वेस्ले बर्रेसी।

ट्रेवल रिजर्व-काईल क्लेन

टी20 विश्व कप

हरमनप्रीत ने की भविष्यवाणी भारत पहुंचेंगी सेमीफाइनल में

ढाका, एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी। टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है और हरमनप्रीत का मानना है कि परिस्थितियों से परिचित होने से भारतीय टीम को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, 2016 का चैंपियन वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए कहे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, 'भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चारों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बांग्लादेश को 5-0 से हरा दिया था। हरमनप्रीत ने यहां कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई प्रभुत्व को चुनौती दी है लेकिन इस टीम का वैश्विक प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत की टीम पर दबदबा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया।

ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, 'अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा और मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं।

हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की श्रृंखला में भारत की सफलता से उन्हें परिस्थितियों से अधिक परिचित होने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'हां, यह कुछ हद तक भारत जैसा ही है और उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में हमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से कड़ी प्रतिद्वंद्विता देखने को मिली है और यह हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। भारत ने 2023 टी20 विश्व कप के बाद से दो बार बांग्लादेश दौरान किया है। पिछले साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और वनडे श्रृंखला के लिए और फिर हाल ही में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए।

विश्व कप में भारत के अब तक के अनुभव के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, 'मुझे लगता है कि सभी आईसीसी प्रतियोगिताओं में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। एकमात्र चीज यह है कि हमने कई करीबी मैच गंवाए हैं। और इस बार उम्मीद है कि हम करीबी मैच जीत सकते हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

निकहत जरीन ने एलोर्डा कप में शानदार शुरुआत की

अस्ताना (कजाकिस्तान)। भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन निखत जरीन (52 किग्रा) ने सोमवार को एलोर्डा कप 2024 के शुरुआती दिन कजाकिस्तान की राखिम्बेर्डी झानसाया के खिलाफ 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

मीनाक्षी (48 किग्रा) ने भी कजाकिस्तान की गैसीमोवा रोक्साना पर 4-1 से जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। इसके विपरीत, अनामिका ने 50 किग्रा वर्ग के मुकाबले के पहले दौर में रेफरी स्टॉप्स द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के साथ झुमाबायेवा अरैलीम को हराया। इस बीच, इश्मीत सिंह (75 किग्रा) और सोनिया

(54 किग्रा) क्रमशः कजाकिस्तान के अर्मानुली आर्मत और चीन के चांग युआन के खिलाफ 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा), संजय (80 किग्रा) और गौरव चौहान (92+) तीन अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ मंगलवार को एक्शन में होंगे।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 21 सदस्यीय टीम भेजी है, जिसमें कजाकिस्तान, चीन, भारत, जापान और उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

ओलिंपिक में

टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल खिलाड़ी के परिवार की हार्ट रेट होगी मॉनिटर

पेरिस ओलिंपिक में केवल ढाई महीने का समय बचा है। इस बार इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी खेलों की सुरक्षा से लेकर मनोरंजन तक में एआई का इस्तेमाल करेगी। इसके तहत खिलाड़ियों के परिवार के भावों को मॉनिटर किया जाएगा। वहीं, रियल टाइम एनालिसिस से जज की मदद की जाएगी। 1924 में पेरिस में हुए ओलिंपिक की तस्वीरों को रंगीन करने की योजना भी है।

पैरेंट्स का रिएक्शन लाइव दिखाने की तैयारी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉडकास्टर एनबीसी यूनिवर्सल ने ओलिंपिक एथलीट्स के माता-पिता को हार्ट रेट मॉनिटर देने की योजना बनाई है, ताकि वे टूर्नामेंट के दौरान उनके रिएक्शन लाइव दिखा सकें। एआई लैस सीसीटीवी कैमरों से होगी सुरक्षा-

गेम्स के दौरान संदिग्ध घटनाओं को मॉनिटर करने के लिए सर्विलांस में एआई लैस कैमरों की मदद ली जाएगी। अगर खेलों में हथियार का इस्तेमाल या ग्राउंड में बिना अनुमति घुसने जैसी घटना रिकॉर्ड होती है तो इसके बाद तुरंत सुरक्षा टीम को अलर्ट चला जाएगा।

रियल टाइम वीडियो एनालिसिस से होंगे निर्णय

एआई की मदद से महज 10 सेकंड के भीतर वीडियो का एनालिसिस कर निर्णय दिए जा सकेंगे। एक उदाहरण में एआई ने सिर्फ 10 सेकंड में डाइविंग इवेंट के सारे पक्षों का एनालिसिस कर लिया था।

8के में हाई क्वालिटी स्ट्रीम, फ्यूचर टैलेंट की भी खोज

ओलिंपिक से अनुबंधित इंटेल ने इस बार टूर्नामेंट की लाइव स्ट्रीमिंग 8के हाई-पिक्चर क्वालिटी में करने की घोषणा की है। इस अमेरिकन कंपनी ने कई गांव के बच्चों की जम्पिंग और रेसलिंग के वीडियो को एनालिसिस कर उनके टैलेंट को तलाशने और तराशने की कोशिश की भी है। इंटेल के क्रिस्टोफ शेल ने बताया कि उन्होंने 5 गांव के 1000 बच्चों की खोज की। डेटा के जरिए बच्चे के लिए सही खेल चुनने में भी मदद मिली।

आईपीएल 2024

बारिश से धुले जीटी के अरमान प्लेऑफ से कटा पत्ता



अहमदाबाद। एजेंसी। यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सोमवार रात गुजरात टाइटंस (जीटी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मैच एक भी गेंद फेंके बिना बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। दोनों टीमें एक-एक अंक साझा करेंगी।

लगातार बिजली गिरने और खराब मौसम के कारण पहले तो मैच शुरू होने में देरी हुई और फिर लगातार बूंदाबांदी के कारण रात 10.42 बजे मैच रद्द कर दिया गया। दोनों कप्तानों श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल ने हाथ मिलाया और स्तन कैंसर जागरूकता के तहत रिबन का आदान-प्रदान किया। स्टैंडिंग में 19 अंकों के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स ने शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली है, जबकि गुजरात टाइटंस 13 मैचों में 11 अंकों के साथ आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

12 खेलों के बाद केकेआर के 1.428 के प्रभावी नेट रन रेट ने उसका शीर्ष-दो में स्थान सुनिश्चित कर दिया।

यह पहली बार है कि 2022 सीजन की प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद से जीटी आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई है। उन्हें 16 मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सांत्वना मैच खेलना है।

हेड कोच के लिए बीसीसीआई ने मांगे आवेदन

राहुल द्रविड़ की हो सकती है भारतीय टीम से छुट्टी...

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम को रोहित शर्मा की कप्तानी में अगले महीने टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेलना है. उसके बाद भारतीय टीम में एक बड़ा बदलाव हो सकता है. हेड कोच राहुल द्रविड़ की छुट्टी हो सकती है. उनकी जगह नए कोच आ सकते हैं. इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. बीसीसीआई ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी. साथ ही भारतीय बोर्ड ने नए कोच के लिए आवेदन भी मंगाए हैं. बता दें कि फिलहाल राहुल द्रविड़ ही भारतीय टीम के कोच पद को संभाल रहे हैं.

आवेदन के लिए 27 मई आखिरी तारीख

बीसीसीआई ने द्रविड़ को वनडे वर्ल्ड कप 2023 तक के लिए कोच नियुक्त किया था. मगर उसके बाद भारतीय बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 तक के लिए द्रविड़ का कार्यकाल बढ़ा दिया था. यह वर्ल्ड कप 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा. मगर इससे पहले ही बीसीसीआई ने नए कोच की प्रक्रिया शुरू कर दी है. उन्होंने आवेदन के

लिए 27 मई आखिरी तारीख (शाम 6 बजे तक) निर्धारित की है. हालांकि बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पहले ही साफ कर दिया है कि राहुल द्रविड़ यदि अपना कार्यकाल बढ़ाना चाहते हैं तो इस पद के लिए दोबारा आवेदन कर सकते हैं. उनके आवेदन पर विचार किया जाएगा.

अगले वर्ल्ड कप तक रहेगा नए कोच का कार्यकाल

हाल ही में मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में जय शाह ने कहा था, हम अगले कुछ दिनों में आवेदन मंगाएंगे, राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में खत्म हो रहा है. अगर वह दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं. बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग कोच जैसे कोचिंग स्टाफ का फैसला नए कोच के परामर्श के बाद किया जाएगा.

बता दें कि नए हेड कोच का कार्यकाल अगल 3 साल यानी वनडे वर्ल्ड कप 2027 के लिए रहेगा. यह बात भी खुद जय शाह ने क्लियर की थी. उन्होंने कहा था कि नए मुख्य कोच को 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक कार्यभार संभालने की पेशकश की जाएगी.

सात्विक-चिराग करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई

बेडमिंटन

बैंकॉक , एजेंसी। सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी।

सात्विकसाई रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष डबल्स जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी। पेरिस ओलंपिक के लिए

क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी।

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष सिंगल्स खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है।

किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करूणाकरण भी सिंगल्स वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं, जबकि लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू पिछले हफ्ते टूर्नामेंट के ड्रॉ की घोषणा से पहले प्रतियोगिता से हट गए।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की जर्सी लॉन्च

नई दिल्ली, एजेंसी। टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया ने अपनी नई जर्सी लॉन्च कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और कप्तान रोहित शर्मा ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नई जर्सी का अनावरण किया।

भारत के आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास ने पहले 1 जून से यूएसए और कैरेबियन में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम की जर्सी का खुलासा किया। इस कार्यक्रम का एक वीडियो बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए बीसीसीआई ने लिखा कि अब हमारी टीम का नए रंगों में स्वागत करने का समय आ गया है।

रोहित शर्मा, जय शाह और आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास टीम इंडिया की टी20 जर्सी पेश करते हुए। इस वीडियो में टीम इंडिया की प्रैक्टिस जर्सी भी नजर आ रही है, जो ब्लू कलर की है। इसके साथ ही इस विश्व कप के लिए टीम इंडिया की ट्रैवल किट भी सामने आई है, जो व्हाइट कलर की है, जिसमें रोहित शर्मा नजर आ रहे हैं। 30 अप्रैल को, बीसीसीआई ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

संक्षिप्त समाचार

कजाकिस्तान के पूर्व मंत्री को पत्नी की हत्या के मामले में 24 साल की जेल

बर्लिन, एजेंसी। कजाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री को एक रेस्तरां में अपनी पत्नी की हत्या करने का दोषी मानते हुई 24 साल जेल की सजा सुनाई गई है। राजधानी अस्ताना में सोमवार को मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। पूर्व मंत्री ने कुछ साल पहले कुछ समय के लिए तेल-समृद्ध मध्य एशियाई देश के वित्तमंत्री के रूप में कार्य किया था। उन्हें पिछले साल नवंबर में अपनी पत्नी को बुरी तरह पीटने का दोषी पाया गया था। अस्ताना की अदालत ने उन्हें पत्नी को यातना देने और हत्या का दोषी पाया। इस मामले ने देश में घरेलू हिंसा पर व्यापक बहस छेड़ दी। जल्दबाजी में बनाए गए कानून ने दोषी को शारीरिक नुकसान पहुंचाने के लिए दंड बढ़ा दिया। पीड़िताओं की मदद के लिए पूर्व सोवियत गणराज्य में सहायता केंद्र स्थापित किए जाने हैं। इसके विपरीत, रूस ने 2017 में हिंसक पुरुषों के सहयोगियों की सुरक्षा में कमी कर दी। पूर्व मंत्री को पहले भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन बाद में उन्हें पैरोल पर रिहा कर दिया गया था।

मिस्र के विदेश मंत्री ने राफा में इजरायल के सैन्य अभियान के गंभीर परिणामों की चेतावनी दी

काहिरा, एजेंसी। मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को फोन पर गाजा पट्टी, विशेषकर दक्षिणी शहर राफा में इजरायली सैन्य अभियान के हालिया सुरक्षा और मानवीय प्रभावों पर चर्चा की। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह बात कही। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फोन पर बातचीत के दौरान शौकरी ने राफा ऑपरेशन के गंभीर परिणामों को रेखांकित किया, जिससे व्यापक इजरायली हमले के बीच राफा क्रॉसिंग बंद होने के बाद 14 लाख से अधिक फिलिस्तीनी प्रभावित हुए। उन्होंने गाजा पट्टी को सहायता वितरण फिर से शुरू करने की जरूरत पर जोर दिया, जिसे पिछले कुछ दिनों में निलंबित कर दिया गया था। बयान में शौकरी के हवाले से कहा गया है कि गाजा में चल रहा इजरायली ऑपरेशन क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। दोनों राजनयिकों ने इजरायल और गाजा पट्टी के बीच क्रॉसिंग को फिर से खोलने और गाजा के निवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा सोमवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी इजरायल पर 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के अचानक हमले के बाद इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी इलाके में बड़े पैमाने पर हमला शुरू किए जाने के बाद से गाजा पट्टी में 35,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 78,800 से अधिक घायल हुए हैं।

व्हाइट हाउस पर हमले का दोषी पाया गया भारतीय मूल का युवक, नाजी विचारधारा से प्रभावित होकर किया हमला

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में एक भारतीय मूल के युवक को व्हाइट हाउस पर हमले का दोषी ठहराया गया है। युवक पर एक ट्रक से व्हाइट हाउस पर हमले का दोष सिद्ध हुआ है और नाजी विचारधारा से प्रभावित होकर उसने इस हमले को अंजाम दिया। कोर्ट 23 अगस्त को उसकी सजा का एलान करेगा। दोषी युवक की पहचान साई वर्शिथ कंडुला (20 वर्षीय) के रूप में हुई है, जो मिसौरी के सेंट लुईस इलाके का रहने वाला है। अमेरिका के अटॉर्नी मैथ्यू ग्रेव्स ने सोमवार को यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि कंडुला ने नाजी विचारधारा से प्रभावित होकर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार को हटाकर तानाशाही लाने की मंशा से व्हाइट हाउस पर हमला किया। कंडुला ने जांच कर्ताओं के सामने स्वीकार किया कि अपने उद्देश्य को पाने के लिए वह अमेरिकी राष्ट्रपति और अन्य नेताओं की हत्या करने से भी पीछे नहीं हटता। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, कंडुला ने 22 मई 2023 की दोपहर को सेंट लुईस से एक विमान द्वारा वॉशिंगटन डीसी पहुंचा। कंडुला शाम करीब 5.20 बजे डलास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा और शाम करीब साढ़े छह बजे उसने एक ट्रक किराए पर लिया। ट्रक किराए पर लेकर वह व्हाइट हाउस के लिए निकल गया। रास्ते में वह खाने और गैस के लिए रुका। रात करीब साढ़े नौ बजे कंडुला वॉशिंगटन डीसी पहुंचा और वहां एच स्ट्रीट पर नॉर्थवेस्ट और 16वीं स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट के चौराहे पर व्हाइट हाउस की सुरक्षा में तैनात बैरिकेड से ट्रक को टकर दिया। इसके बाद कंडुला पर आरोप है कि उसने ट्रक को फुटपाथ पर चढ़ा, जिससे फुटपाथ पर चलने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

रूस के आगे टिक नहीं पा रही यूक्रेनी सेना, गंवाया दूसरा बड़ा शहर, जीत से गदगद पुतिन

मास्को, एजेंसी। यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग खतरनाक हो गई है। रिपोर्ट है कि हथियारों की कमी और मनोबल गिरने से यूक्रेनी सेना युद्ध में पिछड़ रही है। उधर, रूसी सेना विस्फोटक हमलों से यूक्रेनी शहरों को तबाह कर रहे हैं और उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के नौ इलाकों पर कब्जा भी कर लिया है। रूसी सेना खारकीव में काफी अंदर आ चुकी है और लगातार आगे बढ़ रही है। फरवरी 2022 से शुरू हुए इस युद्ध के बाद यूक्रेन ने खारकीव को वापस हासिल कर लिया था, अब रूस ने एक बार फिर खारकीव पर कब्जा कर लिया है। अपनी सेना की इस जीत से व्लादिमीर पुतिन गदगद हैं।

बताया जा रहा है कि अमेरिका और पश्चिमी देशों की तरफ से हथियारों की सप्लाई सुस्त या फिर बंद हो गई है। इससे यूक्रेन की सेना का मनोबल भी गिरा है और हथियारों की कमी से वे रूसी सेना के आगे टिक नहीं पा रहे हैं। रूस ने कहा है कि उसकी सेनाएं यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के पास उत्तर-पूर्वी सीमावर्ती शहर वोवचांस्क में प्रवेश कर गई हैं। रूसी सेना खारकीव में दो किलोमीटर तक अंदर आ गई है।

लोगों को रूसी हमले से बचा रही यूक्रेनी सेना : एक तरफ रूसी सेना ने खारकीव के कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है। दूसरी तरफ यूक्रेनी सेना लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने में लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के सैन्य अधिकारी शहर में घर-घर जाकर लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहे हैं।

रूसी सेना फरवरी 2022 के बाद शुरू हुए युद्ध में अपनी पुरानी नीति के तहत शहरों को बर्बाद करने में लगी है। दिन भर शहर के ऊपर रूसी विमानों को देखा जा रहा है। हालांकि रूस को मिलती बढ़त के बीच यूक्रेनी अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही रूसी सेना को पछाड़ लिया जाएगा और शहर में स्थिति फिर बहाल कर दी जाएगी।

चिंता में यूक्रेन : रूस ने बीते शुक्रवार को सीमा पार से घुसपैठ के बाद खारकीव पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू होने के बाद यह रूस के लिए बड़ी जीत मानी जा रही है, जमीनी हमले में रूस कम से कम नौ गांवों और बस्तियों पर अपना कब्जा कर चुका है। हजारों की संख्या में लोग अपना स्थान छोड़कर भाग चुके हैं।

उधर, यूक्रेनी कमांडरों को इस बात की चिंता है कि अगर रूसी सैनिक शहर की तोपखाने की सीमा के भीतर आ गए तो बड़ी तबाही हो सकती है। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि रूस ने अपने नवीनतम हमले में अपनी पांच प्रमुख बटालियन तैनात किए हैं और स्वीकार किया कि मॉस्को के सैनिकों को खारकीव में कुछ सफलताएं मिली हैं।

रातोंरात ट्रेन से यूक्रेन पहुंच गए अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन

वाशिंगटन, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को दो साल से ज्यादा का वक्त हो गया है। इस बीच दावा किया जा रहा है कि रूस यूक्रेन के कई शहरों पर कब्जा कर चुका है और वह यूक्रेनी सेना पर भारी पड़ रहा है। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन यूक्रेन का उत्साह बढ़ाने के लिए रातोंरात ट्रेन से कीव पहुंच गए हैं। जब से यूक्रेन में युद्ध शुरू हुआ है यह अमेरिकी विदेश मंत्री का चौथा दौरा है। बता दें कि अमेरिका हमेशा ही यूक्रेन के समर्थन में रहा है।

एक महीना पहले ही अमेरिकी कांग्रेस ने यूक्रेन के लिए 60 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी दी है। इसमें से ज्यादातर रकम खराब हो चुके हथियारों की मरम्मत और एयर डिफेंस में खर्च की जाएगी। अपने दौरे के वक्त ब्लिंकन यूक्रेन को भरोसा दिलाएंगे कि इस युद्ध में अमेरिका उसके साथ खड़ा है। बता दें कि जो बाइडेन द्वारा सहायता पैकेज को मंजूरी दिए जाने के बाद अमेरिका ने 1.4 अरब डॉलर के शॉर्ट टर्म मिलिट्री पैकेज को भी मंजूरी दी है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि अब यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई तेज की जाएगी।

सुलीवन ने बताया, गोला-बारूद, एयर डिफेंस और लॉन्ग रेंज की मिसाइलें पहले ही डिलीवर कर दी गई हैं। ब्लिंकन की यात्रा के बारे में जारी बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, वह राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अन्य यूक्रेनी

अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ब्लिंकन युद्ध के बारे में सारी जानकारी लेंगे। इसके अलावा वह जानना चाहते है कि रूसी हमले से निपटने के लिए यूक्रेन को किस सहायता की जरूरत है। इसके अलावा यूक्रेन की आर्थिक रिकवरी की जानकारी भी विदेश मंत्री ब्लिंकन लेंगे।

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को यूक्रेन में ब्लिंकन स्पीच देंगे। वह बताएंगे कि रूस की बड़ी रणनीतिक हार हुई है। बता दें कि जेलेंस्की ने फोन पर अमेरिका को बताया था कि पूर्वी और पूर्वोत्तर की सीमाओं पर रूस तेजी से हमला कर रहा है और वह यूक्रेनी सैनिकों को मार रहा है। वहीं रूस ने इस इलाके में सेना की नई टुकड़ियों को उतार दिया है। वहीं अमेरिका का कहना है कि यूक्रेन रणनीतिक रूप से जीत रहा है क्योंकि जिन इलाकों में रूस ने कब्जा किया था उनमें से 50 फीसदी को मुक्त करा लिया गया है। इसके अलावा यूक्रेन की अर्थव्यवस्था भी पटरी पर आ रही है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन रूस की सेना को कड़ी टक्कर दे रहा है।

व्हाइट हाउस के कार्यक्रमों में खान-पान में शामिल हुई पानीपुरी, समोसे के बाद मेहमानों की पसंद बनी

वॉशिंगटन, एजेंसी। भारत में स्ट्रीट फूड की बात करें तो गोलगप्पा को बहुत पसंद किया जाता है। इसे पानीपुरी और पुचका के नाम से भी जाना जाता है। मौजूदा समय में इसे केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी काफी पसंद किया जाता है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में भी गोलगप्पे की एंट्री हो चुकी है। यहां मेहमानों को गोलगप्पे परोसे जा रहे हैं। पिछले साल इसे कम से कम दो बार परोसा गया है। हाल ही में सोमवार को राष्ट्रपति जो बाइडन ने रोज गार्डेन रिसेप्शन की मेजबानी की। इस दौरान भी गोलगप्पा परोसा गया। इस कार्यक्रम में एशियाई-अमेरिकी और कई भारतीय-अमेरिकी शामिल थे। व्हाइट हाउस में अबतक केवल समोसे ही परोसे जाते थे, लेकिन अब यहां गोलगप्पे की भी एंट्री हो चुकी है। कम्युनिटी नेता अजय जैन भूतोरिया ने कहा, पिछले साल जब मैं यहां था, तब यहां पानीपुरी परोसा गया था। इस साल भी मैं यहां पानीपुरी ढूंढ रहा था, तभी अचानक एक सर्वर पानीपुरी लेकर आया। यह बहुत अद्भुत था। इसका स्वाट बहुत चटपटा और मसालेदार था। शानदार! भूतोरिया ने व्हाइट हाउस की कार्यकारी शेफ क्रिस्टेटा कॉमरफोर्ड से मुलाकात की और उनसे गोलगप्पे के बारे में पूछा। उन्होंने बताया, मैंने उनसे पूछा कि क्या आप अपने घर में गोलगप्पा बनाती हैं उन्होंने कहा हां, हम व्हाइट हाउस में सबकुछ बनाते हैं।

राफा में इजरायली हमले में संयुक्त राष्ट्र कर्मचारी की मौत, एक घायल

गाजा, एजेंसी। दक्षिणी गाजा के राफा शहर में इजरायली सेना की गोलीबारी में संयुक्त राष्ट्र के एक कर्मचारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मीडिया कार्यालय ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारी संयुक्त राष्ट्र के एक वाहन में यात्रा कर रहे थे, तभी उन पर हमला किया गया। संयुक्त राष्ट्र ने कर्मचारी की मौत की पुष्टि की है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को एक बयान में कहा, उन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा और सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस

कर्मचारी के घायल होने की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। जब वे राफा में यूरोपीय अस्पताल जा रहे थे तब उनके संयुक्त राष्ट्र वाहन पर हमला किया गया। उन्होंने मारे गए संयुक्त राष्ट्र कर्मचारी के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और पूरी जांच का आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दुख जताया, हमले की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में एक हमले में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर दुख जताया। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि घटना सोमवार सुबह की है। उनके वाहन पर उस समय हमला हुआ, जब वे राफा में यूरोपीय अस्पताल जा रहे थे।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और पूरी जांच की मांग की। उन्होंने मृत स्टाफ सदस्य के परिवार के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। फरहान हक ने कहा कि गाजा में संघर्ष से न केवल नागरिकों बल्कि मानवीय कार्यकर्ताओं पर भी भारी असर पड़ रहा है। महासचिव ने तत्काल मानवीय संघर्ष विराम और सभी बंधकों की रिहाई के लिए अपनी अपील दोहराई।

डीएसएस कर्मचारी, 7 अक्टूबर 2023 के बाद से गाजा में मारे गए संयुक्त राष्ट्र के पहले अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी सदस्य बन गए हैं। अब तक संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने वाले लगभग 190 फलस्तीनी कर्मचारी मारे गए हैं। उप प्रवक्ता ने कहा कि मारे गए और घायल हुए डीएसएस कर्मचारियों के नाम और राष्ट्रीयता को गुप्त रखा जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संबंधित सरकारों और संबंधित परिवार के सदस्यों को सूचित करने की प्रक्रिया में है।

अब एक अमेरिकी सीनेटर ने इजरायल को बम दिए जाने की वकालत की

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन रफा में कार्रवाई को लेकर इजरायल की हथियार सप्लाई रोकने की बात कर रहे हैं। इसी बीच अब एक अमेरिकी सीनेटर ने इजरायल को बम दिए जाने की वकालत की है। उन्होंने इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष की तुलना दूसरे विश्व युद्ध से की है। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध हार नहीं सकता। 7 अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने इजरायल पर हमला किया था। इसके बाद से ही दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष जारी है।

एक इंटरव्यू के दौरान रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा, जब हम पर्ल हार्बर के बाद एक राष्ट्र के तौर पर तबाही का सामना कर रहे थे, जर्मनी और जापान से लड़ रहे थे, तब हमने हिरोशिमा और नगासाकी पर बम गिराकर युद्ध को खत्म करने का फैसला किया था...। वह सही फैसला था। उन्होंने कहा, इजरायल को भी बम दो, जिसकी उन्हें जरूरत है। वे हार नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि एक यहूदी राष्ट्र के तौर पर इजरायल को अस्तित्व बचाने के लिए जो भी कुछ करना पड़े, उसे करना चाहिए। उन्होंने कहा, हिरोशिमा और नगासाकी पर बम गिराकर खतरे को खत्म करना अमेरिका के लिए कैसे सही था अगर हम करें, तो यह सही कैसे है मुझे लगा वह सही होगा। उन्होंने कहा, ऐसे में इजरायल आपको यहूदी राष्ट्र के तौर पर जीवित रहने के लिए जो भी कुछ करना पड़े, करें।

इस दौरान उन्होंने जनहानि के आरोप भी हमास पर लगाए। ग्राहम ने कहा, मुझे लगता है कि जब तक हमास अपने ही लोगों का इस्तेमाल मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करना बंद नहीं करता है, तब तक गाजा में आम नागरिकों की मौतों में कमी लाना असंभव है। मैंने युद्ध के इतिहास में ऐसा कभी नहीं देखा कि कोई दुश्मन आम नागरिकों की जान को खतरे में डालता है।

बाइडेन ने रोकी सप्लाई

खबर है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने हाल ही में इजरायल को की जाने वाली 3 हजार भारी बमों की डिलीवरी रोक दी है। साथ ही उन्होंने यह कसम भी खाई है कि अगर इजरायल रफा में बड़ा ऑपरेशन शुरू करता है, तो और भी हथियारों की सप्लाई रोक दी जाएगी।

ब्रिटेन के राजा चार्ल्स ने प्रिंस विलियम को सैन्य अधिकारी की भूमिका सौंपी

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के राजा चार्ल्स ने अपने हैम्पशायर हवाई क्षेत्र की यात्रा के दौरान प्रिंस विलियम को आधिकारिक तौर पर आर्मी एयर कोर के कर्नल-इन-चीफ की भूमिका सौंपी। चार्ल्स 32 साल पहले आर्मी एयर कोर के कर्नल-इन-चीफ बने थे। उन्होंने अपनी यह भूमिका सोमवार दोपहर को मिडिल वॉलॉप बेस पर आयोजित एक दुर्लभ संयुक्त आधिकारिक कार्यक्रम में अपने बड़े बेटे विलियम को सौंप दी।

आर्मी एयर कॉर्प्स ड्यूक ऑफ ससेक्स की पुरानी इकाई है, जिसमें उन्होंने 2012 में अफगानिस्तान के अपने दूसरे दौरे के दौरान अपाचे हेलीकॉप्टर कमांडर और सह-पायलट गनर के रूप में कार्य किया था। पिछले साल विलियम को सैन्य भूमिका सौंपने के राजा के फैसले को हैरी के लिए एक झटके के रूप में देखा गया था।

राजा ने कहा कि आर्मी फ्लाइंग म्यूजियम में सैनिकों, उनके परिवारों और दिग्गजों से मिलना बहुत खुशी का मौका था। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि वेल्स के राजकुमार को अपना नया कर्नल-इन-चीफ बनाकर आप भविष्य में और अधिक सशक्त होंगे। बड़ी बात यह है कि वह वास्तव में एक बहुत अच्छा पायलट है - इसलिए यह उत्साहजनक है। उन्होंने प्रदर्शित होने जा रहे विमान अपाचे एएच एमके.1 की स्मृति में एक पट्टिका का अनावरण किया, जो ब्रिटेन के किसी संग्रहालय में स्थापित होने वाली अपनी तरह की पहली पट्टिका है। यह विमान 2007 में जुगरूम किले की लड़ाई के दौरान बचाव अभियान में शामिल चार में से एक था। राजा ने कहा कि मुझे बस इतना कहना है कि इस अवसर पर आपके साथ थोड़ी देर के लिए रहना कितना बड़ा आनंददायक है। मुझे 32 वर्षों तक आप सभी को जानने, आपकी गतिविधियों और उपलब्धियों की प्रशंसा करने का सौभाग्य मिला।

महंगाई को लेकर पीओके में तनावपूर्ण स्थिति, ब्रिटेन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर लोगों का प्रदर्शन

इस्लामाबाद, एजेंसी। जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) क्षेत्र में बिजली के प्रावधान, गेहूं के आटे पर सब्सिडी समेत अन्य विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रही है। पुलिस ने रातभर इलाके की छापेमारी की, इस दौरान कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में महंगाई को लेकर प्रदर्शन जारी है। बिजली बिल, टैक्स और आटे की कीमतों में भारी वृद्धि के लेकर स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लगातार चौथे दिन भी क्षेत्र में हड़ताल जारी रहा। इस बीच मुजफ्फराबाद में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड में पाकिस्तानी वाणिज्य

दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को झड़प में तीन लोगों की मौत, जबकि छह घायल हो गए।

जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) क्षेत्र में बिजली के प्रावधान, गेहूं के आटे पर सब्सिडी समेत अन्य विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रही है। पुलिस ने रातभर इलाके की छापेमारी की, इस दौरान कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। मुजफ्फराबाद, दादियाल, मीरपुर और पीओके के अन्य हिस्सों में कानून प्रवर्तन और प्रदर्शनकारी आपस में भिड़ गए।

पीओके में जारी है प्रदर्शन : पीओके में जारी प्रदर्शन के बीच राजनीतिक कार्यकर्ता अमजद आयूब मिर्जा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने क्षेत्र की स्थिति पर बात करते हुए कहा, मौजूदा समय में मुज्जफराबाद की स्थिति बहुत गंभीर है। आज सुबह लगभग 500,000 लोग मुजफ्फराबाद और उपनगरों में बिजली बिल में टैक्स, सब्सिडी में कटौती के विरोध में और प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, विधान सभा के सदस्यों के भत्तों और विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग को लेकर सकड़ों पर उतरे हैं। अचानक प्रदर्शनकारियों ने पलटवार किया और रेंजर्स पीछे हट गए। ऐसा लग रहा था कि रेंजर्स वापस चले गए, लेकिन थोड़ी देर बार वे बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं की कीमतों में प्रति माह लगभग 600-700 रुपये की कमी की गई है।

अमजब आयूब ने आगे कहा, मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। क्षेत्र में इंटरनेट की सुविधा को बंद कर दी गई है। मुज्जफराबाद में सेना के जवान हेलीकॉप्टर से उतर रहे हैं। प्रत्येक हेलीकॉप्टर में 20-25 जवान हैं। हम एक निराशाजनक स्थिति में हैं। हम भारत सरकार से अनुरोध करते हैं कि वे विदेश मंत्रालय को पाकिस्तानी राजदूत को तलब करने और स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दे। ये पीओके में दिनदहाड़े होने वाली हत्या है। हमारी जिंदगी खतरे में है।बता दें कि तनाव को शांत करने के प्रयास में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सभी से संयम बरतने और आपसी परामर्श से मुद्दों को हल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की मांगों को नियम के अनुसार संबोधित किया जाना चाहिए।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 15 मई 2024

जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहू का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी तैनात किए गए है।

अग्रवाल नवयुवक मंडल रीवा के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ

अजय अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

रीवा। अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में अध्यक्ष पद हेतु द्विवार्षिक चुनाव अग्रवाल समाज भवन में सोमवार को शाम 6 बजे से आरंभ हुए। जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त जज डॉ. विजय अग्रवाल और सह-निर्वाचन अधिकारी इंजी. विष्णु अग्रवाल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता एड.सुनील अग्रवाल ने की।विशेष आमंत्रित सदस्य में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष क्रमश:श्री अशोक अग्रवाल,गणेश प्रसाद अग्रवाल,जवाहर लाल अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष क्रमश: जयकांत अग्रवाल,एड.हरीश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी आर.के.रूंगटा मंचासीन रहे। कार्यक्रम की

शुरुआत अतिथियों द्वारा कुलदेवी माता महालक्ष्मी एवं श्री श्री 1008 अग्रसेन जी की प्रतिमा में माल्यार्पण, दीपप्रज्वलन, आरती, पूजन के साथ हुई।मंचासीन अतिथियों का स्वागत नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सनी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया।तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारियों द्वारा निर्धारित चुनाव प्रक्रिया का संचालन प्रारंभ किया गया और अध्यक्ष पद हेतु अभ्यर्थियों के नाम लिए गए।जिसमें केवल एक अभ्यर्थी अजय अग्रवाल पिता शंकर प्रसाद अग्रवाल ने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया।और निर्वाचन अधिकारियों ने अजय अग्रवाल को निर्विरोध मंडल के द्विवार्षिक अध्यक्ष के रूप में घोषित किया।इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से अपने उद्बोधन में कहा गया कि किसी भी समाज की स्वस्थ परंपरा के लिए यह जरूरी की वहाँ प्रतिद्वन्द्विता न हो सब मिलजुलकर कार्य करें और समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करें।तब ही समाज के साथ-साथ राज्य का भी विकास होता है।कार्यक्रम में मंच का सफ़ल रूप से संचालन एड.मनोज अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल,मंत्री एड.नूतन अग्रवाल,कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र अग्रवाल, एड.संतोष अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, सागर अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल पप्पू, महेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, नम्रता अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल रामू, कान्हा अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल सोमू, अर्पित अग्रवाल, उदित अग्रवाल आदि अग्रबन्धुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयाँ दी और नए अध्यक्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 792209 क्विंटल गेंहू की खरीद

रीवा। जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 14 मई तक 16551 किसानों से 792209 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 190 करोड़ 13 लाख 3 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 672376 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 101 करोड़ 23 लाख 89 हजार 300 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 22690 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं।

न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा तत्काल दायर करें: कलेक्टर

रीवा। विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण उच्च न्यायालय में लंबित हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी कार्यालय प्रमुखों को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में जवाब-दावा तत्काल दायर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि शासकीय अधिवक्ता से संपर्क करके लंबित प्रकरण के संबंध में विधि के अनुकूल उचित अभिलेखों सहित जवाब-दावा तैयार कराएं। इसकी एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपस्थित करें। प्रत्येक न्यायालयीन प्रकरण के लिए ओआईसी की नियुक्ति भी अनिवार्य रूप से कराएं। जिन प्रकरणों में न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर दिए गए हैं उन आदेशों का तय समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। इसका प्रतिवेदन भी न्यायालय को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। समय सीमा में जवाब-दावा प्रस्तुत न करने वाले प्रभारी अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

संसदीय क्षेत्र रीवा के लिए मतगणना शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में होगी

रीवा। रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 के लोकसभा साधारण निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में 4 जून को होगी। रिटर्निंग आफीसर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को सूचित किया है कि मतगणना प्रात- 8 बजे से प्रारंभ की जायेगी।

कृषि उत्पादन आयुक्त 16 मई को करेंगे खरीफ फसल तैयारी की समीक्षा

रीवा। खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित की जा रही है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त खरीफ फसल तैयारी की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में रबी फसल कार्यक्रम की प्रगति, कृषि की प्रगति के लिए कार्ययोजना निर्माण तथा कृषि विविधीकरण के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भोजन अवकाश के बाद शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ननि द्वारा कराया गया दुर्गा मंदिर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

रीवा। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 14/05/2024 को महाजन टोला दुर्गा मंदिर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान मंदिर परिसर की सफाई एवं पार्क की सफाई की गई। श्रमदान करने से साफ सफाई के साथ साथ लोगो में संदेश प्रेषित होता है कि लोगो को अपने शहर की साफ सफाई में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में जुड़ना चाहिये। श्रमदान के माध्यम से देखा जा रहा है कि नव युवाओं में अपने शहर की साफ सफाई को लेकर नया उत्साह जागृत हुआ है। नगर

निगम सभी नागरिकों से अपील करता है कि सभी नागरिक अपने शहर को साफ और स्वच्छ रखने में योगदान दें सप्ताह में 1 दिन कहीं ना कहीं शहर के किसी भी भाग में श्रमदान अवश्य करें। जिससे हम अपने शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान दिलाने में सफलता प्राप्त कर सकें। श्रमदान कार्यक्रम में नगर निगम रीवा की आईईसी टीम, स्वच्छता चौंपियन, वार्ड के रहवासी वॉर्ड दरोगा, सफाई मित्र उपस्थित रहे।

जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार श्रीमती वर्मा को

रीवा। रीवा जिले में वर्तमान में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का पद रिक्त है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अपर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के अवकाश में जाने के कारण जिला विपणन अधिकारी श्रीमती शिखा सिंह वर्मा को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार दिया है। प्रशासकीय कार्य की सुविधा की दृष्टि से यह व्यवस्था की गई है।

गेंहू उपार्जन की राजस्व अधिकारी कर रहे हैं सतत निगरानी

रीवा। जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहू का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी तैनात किए गए है। राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जन की सतत निगरानी की जा रही है। एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी ने भैरवबाबा खरीदी केन्द्र गुढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराने के निर्देश दिए। तहसीलदार मनगवां राजीव शुक्ला

ने सेवा सहकारी समिति मनगवां अन्तर्गत विपांक्षी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार विन्ध्या त्रिपाठी ने खैरा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से उपार्जन के संबंध में जानकारी ली तथा समय पर गेहू की तौल कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है।

ननि द्वारा अतिक्रमणकारियों पर की जा रही कार्यवाही

रीवा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 14.05.2024 को विश्वविद्यालय रोड़, जनता कॉलेज चौराहा के आगे वार्ड के रहवासी अजय गुप्ता द्वारा रोड़ पटरी पर गिट्टी बालू गिराया गया था, जिसके कारण आवागमन अवरूद्ध हो रहा था। जिसकी शिकायत मिलने पर तत्काल अतिक्रमण प्रभारी श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी द्वारा कार्यवाही करते हुये रोड़ पटरी से गिट्टी बालू हटवाया गया एवं सम्बंधित पर रू. 2000 की चालानी कार्यवाही करते हुये समझाइस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्रांतर्गत एसएफ चौराहा से पीटीएस चौराहा तक सड़क पटरी में किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ उड़नदस्ता दल मौजूद रहा।

शंभू काकू की पुण्य तिथि आज, संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

रीवा। बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति एवं रेडक्रास सोसायटी रीवा के संयुक्त तत्वावधान में आज महाराजा रघुराज सिंह सभागार (स्वागत भवन) में दोपहर 2 बजे से संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि पद्म श्री बाबूलाल दाहिया, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डा.प्रभाकर चतुर्वेदी करेगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में समालोचकडॉ.चन्द्रिका प्रसाद 'चन्द्र', वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला, मानस मण्डल के

अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्यामनारायण शर्मा उपस्थित होगें। बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जगजीवनलाल तिवारी ने बताया कि संभू काकू की 16वीं पुण्य तिथि पर सतना, सीधी, शहडोल, उमरिया एवं रीवा के बुद्धजीवी एवं कविगण भाग लेगें। आयोजन समिति की ओर से वरिष्ठ कवि रामनरेश तिवारी 'निष्ठुर', डॉ.मुकेश येंगल, गजेन्द्र सिंह गज्जू, हेमंत त्रिपाठी, डॉ.राजेश मिश्रा सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों ने नगर के बुद्धजीवियों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

रीवा अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में बड़ा हादसा

1 दर्जन कर्मचारी जहरीली गैस के चपेट में आए, 1 की हालत खराब, मिनर्वा अस्पताल में चल रहा ईलाज

रीवा। अल्ट्रोटेक सीमेंट फैक्ट्री रीवा में बड़ा हादसा हो गया। यहां कर जहरीली गैस का रिसाव हो गया। इसकी चपेट में आने से एक दर्जन मजदूर बेहोश हो गए हैं। इनमें से कुछ की हालत ज्यादा सीरियस बताई जा रही है। इन्हें मिनर्वा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मिली जानकारी के अनुसार अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री रीवा में मजदूरों को काम के लिए सीवरेज टैंक में उतारा गया था। उनकी सुरक्षा का किसी तरह का ध्यान नहीं रखा गया था। बिना सुरक्षा उपकरण के ही उन्हें सीवर लाइन में उतार दिया गया था। सीवर लाइन की सफाई के दौरान जहरीली गैस का रिसाव हो गया।

जहरीली गैस की चपेट में आने से करीब एक दर्जन मजदूर आ गए। मौके पर हड़कंप मच गया। कई मजदूर मौके पर ही बेहोश होकर गिर गए। जहरीली गैस का रिसाव होने की खबर जब प्रबंधन को हुई तो राहत बचाव का काम शुरू हुआ। सभी मजदूरों को किसी तरह से बाहर निकाला गया। अल्ट्रा टेक प्लांट में ही पहले इलाज की व्यवस्था की गई लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए तो उन्हें मिनर्वा अस्पताल रीवा रेफर किया गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि तीन मजदूरों को अभी तक यहां भेजा गया है अभी और लोगों को भेजे जाने की बात कही जा रही है। तीन में से एक मजदूर की हालत गंभीर है। उसे वेंटीलेटर पर रखा गया है। वहीं एक की हालत स्थिर है. और तीसरे को छुट्टी दे दी गई है।

चाकघाट थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी लाइन अटैच

आडियो हुआ था वायरल, एसपी ने की कार्रवाई

रीवा

चाकघाट थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी का ऑडियो बहु प्रसारित होने के बाद पुलिस अधीक्षक विवेक से एक्शन भी आ गए हैं। उन्होंने जहां चाकघाट थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी को लाइन अटैच किया है। वहीं थाने की कमान थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक सौंप दी गई है। बताया गया है कि आचार संहिता लगी होने के कारण वहां किसी निरीक्षक की पदास्थापना नहीं की गई है।

बता दे कि उक्त ऑडियो का मामला थाना क्षेत्र के पड़री गांव का है, जहां चाचा और भतीजे में विवाद हो गया

था।जिसके बाद भतीजे ने रिपोर्ट करने थाना आया। दो दिन तक थाना पुलिस चक्कर लगवाती रहीं लेकिन उसकी एफआइआर दर्ज नहीं की गई थी।

तीसरे दिन खुद थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी ने फरियादी को फोन लगा कर धमकाया और जूता मारने की धमकी दी और पीड़ित की रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई, जिसके बाद पूरी घटना का आडियो वायरल हो रहा है। वही पूरे मामले पर फरियादी ने त्योंथर एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर थाना प्रभारी के विरुद्ध आवेदन दिया था साथ ही पीड़ित ने कहा थाना प्रभारी के द्वारा जूता मारने वाले शब्दों आहत हू वरिष्ठ अधिकारियों से थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की थी।

विभिन्न इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आडियो सामने आया था। परीक्षण के दौरान उक्त ऑडियो सही पाया गया जिसके कारण चाकघाट थाना प्रभारी उषा सिंह सूर्यवंशी को लाइन अटैच किया गया है। आचार संहिता हटने के बाद वहां पर स्थापना की जाएगी।

विवेक सिंह पुलिस अधीक्षक रीवा

10वी सीबीएसई बोर्ड में कम अंक लाने पर छात्र ने लगाया मौत को गले

रीवा। सोमवार को सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित होने के बाद एक और जहां छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल है तो वहीं रीवा में एक छात्र पास होने के बावजूद कम अंक आने से दुखी होकर मौत को गले लगा लिया। मामला रीवा शहर के ही नरेंद्र नगर का है जहां किराए के मकान में रहने वाले दसवीं के छात्र ने परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सुसाइड कर लिया है। घटना की जानकारी होने के बाद परिजन जब छात्र को अस्पताल लेकर पहुंचे ती उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि छात्र दसवीं कक्षा में सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में पास हो चुका था लेकिन उसे इतने अंक हासिल नहीं हुए जितने अंक वह हासिल करना चाहता था और इसी बात से दुखी होकर छात्र ने आत्मघाती कदम उठा लिया। हालांकि छात्र की मौत से दुखी परिजनों का हाल बेहाल है और वह कुछ भी कहने और बताने की स्थिति में नहीं है। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक सुसाइड करने वाले छात्र का नाम सौरभ सिंह बघेल है जी मूलत: चोरहटा थाना क्षेत्र के जीन्ही गांव का रहने वाला है और यह छात्र शहर के ही नरेंद्र नगर में किराए का मकान लेकर रहता था और यही पढ़ाई करता था। घटना के संबंध में मौजूद लोगों ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्र पास तो हुआ लेकिन उसे उतने अंक हासिल नहीं हुए जितने अंक वह हासिल करना चाहता था और इसी बात से दुखी होकर छात्र ने सुसाइड करने जैसा आत्मघाती कदम उठा लिया। फिलहाल घटना की सूचना मिलने के बाद चोरहटा पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की उनकी इस जांच पड़ताल कर रही है।

हनुमना पुलिस ने बढ़ैया स्कूल के समीप 3 लाख का गांजा पकड़ा

मऊगंज। हनुमना पुलिस ने बढ़ैया स्कूल के समीप बाइक सवार 60 वर्षीय को रोका। पुलिस को देखकर घबरा गया। घबराने के कारण पुलिस को संदेह हुआ। घेराबंदी करते उसे दबोच लिया। उसके पास से 32 किलो 30 ग्राम प्रतिबंधित गांजा जब्त किया है। गांजे की कीमत करीब तीन लाख 20 हजार रुपये बताई जाती है।

हनुमना थाना प्रभारी राजेश पटेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी, बाइक क्रमांक एमपी 17जेडई 7805 में सवार होकर आरोपित बढैया स्कूल के समीप गांजा की खेप लेकर आने वाला है। पुलिस ने सूचना मिलते ही घेराबंदी कर दी और एक आरोपित

रामबली पटेल पुत्र मौनी पटेल उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम दुबगवा थाना हनुमना की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान काले रंग के बोरे में भारी मात्रा में प्रतिबंधित गांजा पुलिस के हाथ लग गया। हनुमना पुलिस ने तौल कराई तो 32 किलो 30 ग्राम वजन का गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। वहीं एक आरोपित मौके से भाग निकला। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित से प्रतिबंधित गंज के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833